

मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 36
अंक : 69
भोपाल, शनिवार
26 अप्रैल 2025
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com



03 पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायतों का लगा अंबार

बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में... 06


## भोपाल में हिंदू लड़कियों से रेप जिहाद मामले में अब तक चार गिरफ्तार

# आरोपियों के मोबाइल से मिले कई अश्लील वीडियो बंगाल में जाकर छुपे दो आरोपियों की तलाश जारी

*गांजा पिलाकर करते थे रेप, मांस भी खिलाते और बुर्के में रहने को भी कहने लगे, पीड़ितों ने बताई खौफनाक दास्तान*

### कई राज्यों से जुड़ा हो सकता है लव जिहाद का यह घिनौना मामला

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

राजधानी भोपाल के रेप जिहाद मामले में अब तक एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किए जाने की खबर है। इस मामले पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं अन्य की तलाश जारी है। इस मामले में भोपाल के तीन अलग-अलग थानों में केस भी दर्ज किए गए हैं। इस घटना के सामने आने के बाद आरोपियों और इनको संरक्षण देने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग जोर-शोर से उठने लगी है। आरोपियों के मोबाइल से कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल में हिंदू छात्राओं की अश्लील वीडियो क्लिप मिले हैं। वीडियो कई नम्बर पर शेयर की गई है। जांच के दौरान पता चला कि लड़कियों को धमकी भरे मैसेज भी भेजे गए थे। कोलकाता के दो युवकों की तलाश में पुलिस की एक टीम पश्चिम बंगाल पहुंच गई है। हालांकि इस मामले में भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र का मानना है कि मामला बेहद संवेदनशील है। इसलिए कार्रवाई में सावधानी बरती जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, आरोपी हिंदू छात्राओं को को पहले अपने प्रेम जाल में फंसाते थे। इसके बाद उनकी गर्दन पर धारदार हथियार रखकर अपनी हवस का शिकार बनाते थे। रेप के दौरान आरोपी नग्न अवस्था में रहने के दौरान वीडियो बनाते थे। इतना ही नहीं, उनसे जबरन कलमा भी बुलवाते थे। युवतियों से दरिंदगी के बाद धर्म विशेष को गाली भी देते थे। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि कैसे उसे और उसकी बहन के साथ मारपीट से लेकर गांजा पीने और मांस खाने तक के लिए मजबूर किया गया। बताया जा रहा है कि पूरे मामले को पुलिस प्रशासन दबाने में लगा हुआ है। घटनाक्रम को लेकर कोई खुलकर बात करने को तैयार नहीं है।



### सहेलियों से दोस्ती कराने के भी बनाते थे दबाव

जानकारी के अनुसार, छात्रों के इस में शामिल आरोपी पहले तो युवतियों को अपने प्रेम जाल में फंसाते थे, फिर उनके साथ अवैध संबंध बनाकर उसका वीडियो बना लेते थे। इसके बाद उनकी सहेलियों से दोस्ती कराने और उनसे भी यही सब कराने पर मजबूर करते थे। इस मामले में शामिल दो आरोपी कोलकाता रहते हैं, सभी आरोपी विशेष धर्म से आते हैं, जबकि पीड़िता हिंदू है।

### यहां से शुरू हुआ सिलसिला

एफआईआर में पीड़िता ने लिखा है कि वह रायसेन रोड के एक प्राइवेट कॉलेज में पढ़ती थी। फर्स्ट ईयर में उसकी दोस्ती फरहान से हुई और धीरे-धीरे दोनों में बहुत बात होने लगी। अप्रैल 2022 में फरहान पीड़िता को जहांगीराबाद स्थित एक घर ले गया, जो उसके दोस्त हामिद का था। यहां उसने दुष्कर्म किया और इसी दौरान वीडियो बना लिया। इसके बाद फरहान ने धर्म परिवर्तन का दबाव बनाना शुरू किया। उसने और उसके दोस्तों ने पीड़िता पर रोजे रखने का दबाव भी बनाया और जबरदस्ती नॉनवेज खिलाया। आरोपी पीड़िता को लगातार वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहा, जिसके बाद पिछले साल सितंबर के महीने में पीड़िता आरोपी फरहान के साथ उसके दोस्त अबरार के घर गई, जहां फिर दुष्कर्म किया गया। फरहान ने इसी तरह उसकी बहन के साथ भी दुष्कर्म किया। पीड़िता की बहन की फरहान के जरिए उसके दोस्त अली से पहचान हुई, जिसने पिछले साल जून में उसके साथ संबंध बनाए और इसका वीडियो बना लिया। यही वीडियो उसने फरहान को भी भेजा, जिसके बाद फरहान ने भी वीडियो वायरल करने की धमकी दी और फरहान के दोस्तों ने भी उस पर फरहान के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाया. पीड़िता की बहन को फिर बहाने से अबरार के घर बुलाया गया, जहां उसे जबरदस्ती नशा करवाया गया और फिर फरहान ने उसके साथ पहले मारपीट करने के बाद दुष्कर्म किया और इस पूरे वाकये का वीडियो बना लिया. इसके बाद दोनों बहनों ने कॉलेज जाना बंद कर दिया।



### गिरफ्तार आरोपियों की संख्या डीसीपी को नहीं मालूम

लव जिहाद के इस मामले में कुल कितने आरोपियों की गिरफ्तार हुई है यह संजय अग्रवाल, डीसीपी जोन क्रमांक 2 को मालूम नहीं है। अखबार नवीस द्वारा संजय अग्रवाल से जब गिरफ्तार आरोपियों की संख्या और नये एंगल के विषय में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आरोपियों की संख्या को देखना पड़ेगा और कोई नया एंगल नहीं है। डीसीपी संजय अग्रवाल को जानकारी है नहीं या फिर वे झूठ बोल रहे है यह तो वही जाने पर उनका कथन समझ से परे है।

### कैसे आए आरोपी पुलिस के फंदे में

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस पूरे मामले की जानकारी पुलिस को एक युवक के जरिए मिली, जिससे पीड़िता ने एक दिन बात करते हुए अपनी आपबीती साझा की थी। युवक ने पुलिस को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने पहले पीड़िता की कई दिनों तक काउंसलिंग की। जब पीड़िता को यकीन हो गया कि उसकी पहचान उजागर नहीं होगी, तब उसने एफआईआर दर्ज कराई।

### आज सीएम का बुरहानपुर दौरा, केंद्रीय मंत्री शिवराज भी होंगे शामिल

**भोपाल।** आज सीएम मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुरहानपुर के दौरे पर रहेंगे। यह दौरा खास तौर पर नेपानगर की विधायक मंजू दादू के घर आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दोनों ही नेता इस पारिवारिक समारोह में शिरकत करने के साथ-साथ एक-दूसरे से मुलाकात भी करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा केवल सामाजिक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहेगा। वे बुरहानपुर पहुंचने से पहले अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। यह चर्चा संभावित रूप से बुरहानपुर से जुड़े प्रशासनिक मुद्दों पर केंद्रित रहेगी। इस बैठक को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार दोपहर 3.40 बजे बुरहानपुर के एयर स्ट्रीप पर पहुंचेंगे। इसके बाद वह सीधे कार्यक्रम स्थल की ओर प्रस्थान करेंगे।

### अंतर्मना उवाच



**चमोली, उत्तराखंड :** प्रतिदिन की भांति खुले आसमान के नीचे भरी दोपहरी में तपोशिरोमणि अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागर जी महाराज दोपहर की सामयिक करते हुए...

***उपेक्षा और अपमान यदि अपनों से बार बार मिले... तो शब्दों से वाक युद्ध करना उचित नहीं है..!***

*समझदारी इसी में है कि वहाँ से दूर हो जाना चाहिए। सब समय का खेल है।* ***कूड़े कचरे के दिन भी बदलते हैं।*** *समय ने किसी को नहीं छोड़ा, क्या राजा - क्या रंक, क्या अमीर - क्या गरीब, क्या सेठ - क्या भिखारी। सबने समय की मार खाई है।* ***इतिहास को देखो, वर्तमान को महसूस करो और भविष्य को संवारो।***

*जिसने समय का सम्मान किया, समय ने उसका सम्मान किया।* ***कभी ये मत कहो*** *- हम टाइम पास कर रहे हैं।* ***ये भी मत कहो*** *- समय बोझ है, इसे ढो रहे हैं। आप स्वयं सोचो! बोझ कौन ढोता है -* ***इंसान या गधा..?***

***समय का सम्मान करने वाले वंदनीय और अभिनंदनीय हो जाते हैं और उनका यशोगान युगों युगों तक किया जाता है।*** *समय का धैर्यपूर्वक सदुपयोग हमें निखारता है। जैसे - सम्मेद शिखर की यात्रा रात्रि 1 या 2 बजे से चलना शुरू करते हैं। एक एक कदम चलते चलते पारसनाथ टोंक पर पहुंच जाते हैं।* ***समय, साहस और श्रम ने यात्री को लक्ष्य तक पहुँचा दिया।*** *वैसे ही कार्य करते रहो और समय का इंतजार करो, फल जरूर मिलेगा। हम उजास और उल्लास की गति को तभी पकड़ सकते हैं, जब समय के साथ कदम ताल करेंगे। इसलिए समय के महत्व को समझें और सही दिशा में सही उपयोग करें।* ***समय ही है जो हमारे भविष्य का निर्माता है।*** *समय, श्रम और साहस की त्रिवेणी हमें सफलताओं के शीर्ष पर पहुँचा देती है।* ***जिन्होंने समय को समझा, समय ने उन्हें समझदार बना दिया।***

***समय को आर्दश बनाने वाले, समय आने पर समाज एवं राष्ट्र के अनुकरणीय और आर्दश पुरुष बन जाते हैं।*** *समय बोध ही कर्तव्य बोध का पाठ पढ़ाता है। इसलिए अपने दैनिक जीवन की समय सारणी बनायें और समय के सार को पायें।* ***अन्यथा बन्दर के हाथ में समय की छुरी...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

*पहलगाम आतंकी हमला: भारत सरकार एक्शन मोड में, तीनों सेनाओं को भी अलर्ट पर*

# भारतीय नौसेना ने दिया बड़ा संकेत मिशन रेडी... किसी भी समय, किसी भी जगह

**नई दिल्ली ■ अमृत दर्शन**

भारतीय नौसेना का एक पोस्ट इस समय वायरल हो चुका है। उस वायरल पोस्ट में नौसेना ने कहा है कि मिशन रेडी, एनी टाइम, एनी व्हेयर, एनी हॉऊ। अब कुछ दिन पहले ही पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है, 26 पर्यटकों की दर्दनाक मौत हुई। उस हमले के बाद से ही भारत सरकार एक्शन मोड में है, तीनों सेनाओं को भी अलर्ट पर रखा गया है। अब इस बीच भारतीय नौसेना की यह पोस्ट आई है। इंडियन नेवी ने कुछ ऐसे टैग्स का इस्तेमाल किया है जो बता रहे हैं कि नौसेना हर तरह के मिशन के लिए पूरी तरह तैयार है। इसी वजह से सोशल मीडिया पर अटकलों का बाजार गर्म हो चुका है। कहा जा रहा है कि क्या सर्जिकल, एयर स्ट्राइक के बाद अब अभी के लिए भारत सरकार और तीनों ही सेनाओं के बीच में लगातार बैठकें हो रही हैं, खुद पीएम नरेंद्र मोदी उनकी अध्यक्षता कर रहे हैं। पीएम की तरफ से साफ किया जा चुका है कि एक्शन जरूर होगा, आतंकियों को कल्पना से भी परे सजा दी जाएगी।

जानकार बताते हैं कि किसी भी युद्ध में नौसेना की भी अहम भूमिका रहती है। इस बारे में कई जानकार बता रहे हैं कि अगर अरब सागर भारत अपनी शिपों को तैनात कर दे तो उस स्थिति में पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया जाएगा। उस तक समय पर ईंधन नहीं पहुंच पाएगा, कई दूसरी चीजों की सप्लाई भी बाधित हो जाएगी। ऐसा करगिल युद्ध के समय भी नौसेना करके दिखा चुकी है। ऐसे में यह विकल्प भी मोदी सरकार के पास खुला हुआ है।



### पाकिस्तान के खिलाफ गुप्त कार्रवाई पर विचार

आतंकवाद के पनाहगाह पाकिस्तान को सख्त सबक सिखाने के लिए सीधी जंग से इतर गुप्त कार्रवाई (कोवर्ट ऑपरेशन) पर भी गंभीरता से विचार हो रहा है। इसका स्तर सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयर स्ट्राइक से बड़ा और पाकिस्तान की कल्पना से परे होगा। भारत विश्व समुदाय को इस बात पर राजी कर रहा है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई उसका अधिकार है। लिहाजा वह परंपरागत जंग में उलझे बिना अपने अधिकार का उपयोग करेगा। अगर पाकिस्तान भारत के इस कदम को जंग में बदलता है तो भी उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इसके लिए तीनों सेनाएं एक साथ कार्रवाई करेंगी।

### पाक को ड्रोन अटैक का डर, सैनिकों को दिया फोन बंद करने का निर्देश

भारत सरकार साफ कर चुकी है कि आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा, ऐसे में किसी बड़े हमले की सुगबुगाहट तेज है। बड़ी बात यह है कि पूरा विपक्ष मजबूती के साथ सरकार के साथ खड़ा है, हर कार्रवाई को अपना समर्थन दे रहा है। इसके ऊपर अब तो कई मुल्कों का समर्थन भारत को मिला है। तुलसी गबार्ड ने तो एक कदम आगे बढ़ इसे इस्लामिक आतंकी हमला करार दिया है। रूस ने भी दावा किया है कि भारत कोई बड़ा कदम उठाने वाला है। इस समय पाकिस्तान में भी डर का माहौल है। भारत की वॉटर स्ट्राइक के बाद से ही पाकिस्तान लगातार गीदड़ भभकी दे रहा है।

### पाक पीएम की बौखलाहट, शहबाज बोले

#### पाकिस्तान हर जांच को तैयार, हमें किया जा रहा बदनाम

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बड़ा बयान देते हुए कह दिया है कि वे पहलगाम हमले के बाद हर जांच के लिए तैयार हैं। उनके मुताबिक तो पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने सेना को लेकर भी कहा है कि पाकिस्तान के फौजी अपने देश को बचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अब इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं क्योंकि शहबाज की तरफ से सीधे-सीधे हिंदुस्तान को चुनौती दी गई है। एक जारी बयान में पाक पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि हम शांति चाहते हैं, इसे कमजोरी ना समझा जाए। भारत ने पानी रोकने का काम किया है, इसका जवाब जरूर दिया जाएगा। सिंधु हमारी लाइफलाइन है, यहां कोई समझौता बर्दाश्त नहीं है। पाक पीएम ने कहा कि भारत दुनिया को गुमराह कर रहा है।

*सुरक्षा बलों का बड़ा एक्शन*

### शोपियां-पुलवामा-कुलगाम में लश्कर आतंकियों के घर ध्वस्त



**जम्मू ■ अमृत दर्शन**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सुरक्षा बलों का ऑपरेशन जारी है. पुलवामा में सक्रिय आतंकवादी के घरों को भारतीय सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया है। नई कार्रवाई में घाटी के अंदर सक्रिय आतंकियों के दो और घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। जून 2023 से लश्कर के सक्रिय कैडर एहसान अहमद शेख के दो मंजिला घर को सुरक्षा बलों ने आईईडी का उपयोग करके उड़ा दिया है, वह पुलवामा के मुर्रान का रहने वाला है। ऐसी ही एक अन्य कार्रवाई में 2 साल पहले लश्कर में शामिल हुए शाहिद अहमद के घर को शोपियां के चोटीपोरा इलाके में विस्फोट कर उड़ा दिया गया है. पहलगाम हमले के बाद पिछले 48 घंटे में कुल 6 आतंकियों के घरों को ध्वस्त किया जा चुका है। इसके अलावा, कल रात कुलगाम के क्रिमोह में ज़ाकिर गनी के तीसरे घर को सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया, वह 2023 में लश्कर में शामिल हो गया था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से सक्रिय लश्कर कैडर के आतंकियों के कुल 5 घरों को उड़ा दिया गया है। इनमें

आदिल गोजरी (बिजबेहरा), आसिफ शेख (त्राल), अहसान शेख (पुलवामा), शाहिद कुट्टे (शोपियां), जाकिर गनी (कुलगाम), हारिस अहमद (पुलवामा)शामिल हैं। शुक्रवार की रात सुरक्षा बलों ने कुलगाम के क्रिमोह में जाकिर गनी के घर को उड़ा दिया, वह 2023 में लश्कर में शामिल हुआ था। इसके साथ ही सुरक्षा बलों ने बिजबेहरा में सुरक्षा बलों ने आदिल थोकर के घर को उड़ा दिया।

### पेट्रोल से लोड वैगन में लगी भीषण आग

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के अंतर्गत भिटोनी रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार रात एक पेट्रोल से भरे टैंकर वैगन में अचानक आग भड़क गई। रेलवे ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तीनों दिशाओं से खतरे का सायरन बजाया और तत्काल दुर्घटना राहत गाड़ी को रवाना किया गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अन्य टैंकरों को आग की चपेट में आने से बचा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इसके चलते कई ट्रेनों को भी रोका गया।

### पुणे से लेकर अलीगढ़ और अहमदाबाद तक कार्रवाई शुरू

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात कर उनके राज्य से पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें बाहर भेजने के लिए कहा है। अमित शाह के फोन के बाद एक्शन में महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में रह रहे पाकिस्तानियों की लिस्ट बनाने का काम शुरू कर दिया है।

### बीएसएफ जवान की पत्नी की गुहार: पति को सही-सलामत वापस लाएं

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के हुगली से बीएसएफ के हेड कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ को पाकिस्तानी रेंजर्स ने पकड़ लिया। बताया गया है कि रिहाई के लिए बातचीत चल रही है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है। हमें उनकी सुरक्षित वापसी की उम्मीद है। कांस्टेबल की पत्नी रजनी शॉ ने रोते हुए सरकार से अपने पति की जल्द रिहाई की अपील की है।

### पीएम मोदी ने रोजगार मेले में बांटे 51000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 15वें रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया। रोजगार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया और यह रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की केंद्र की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

### हरियाणा के नूंह में दर्दनाक हादसा, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बिखरी लाशें

# पिकअप ने लोगों को कुचला, 7 की मौत

**हरियाणा ■ अमृत दर्शन**

हरियाणा के नूंह में शनिवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार पिकअप ने 11 लोगों को कुचल दिया, जिसमें 6 महिलाओं की मौत हो गई। वहीं व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में 4 महिलाएं गंभीर घायल हैं। हादसा इतना भयानक था कि कई शवों के 2 टुकड़े हो गए। ये सभी एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम करने आए थे। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ है। सूचना के बाद फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा में रखवाया। जानकारी के मुताबिक इब्राहिमबास गांव के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम चला हुआ है। ठेकेदार ने पिनगवां खंड के गांव खेड़ली कलां के लोगों को इस काम में लगाया हुआ है। शनिवार सुबह 11 लोग सफाई करने के लिए पिकअप गाड़ी से उतर रहे थे, इसी दौरान गुरुग्राम की तरफ से आई तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने उन्हें कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 6 महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं 1 पुरुष और 4 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी को अस्पताल पहुंचाया। यहां व्यक्ति ने भी दम तोड़ दिया। घायल महिलाओं में से 2 की हालत नाजुक बनी हुई है, जिन्हें नल्हड़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है।



हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर लाशें बिखरी दिखीं। कई शवों के टुकड़े हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

#### गाड़ी का ड्राइवर फरार, पुलिस जांच में जुटी

वहीं हादसे के बाद टक्कर मारने वाली पिकअप का ड्राइवर गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। फिलहाल अभी पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की मदद से हादसे की पूरी परिस्थितियों का पता लगाया जाएगा।

### बालाघाट में नक्सलियों का एनकाउंटर

# सुपखार के जंगलों में 62 लाख की इनामी चार महिला नक्सली ढेर

**बालाघाट ■ अमृत दर्शन**

बालाघाट जिले के सुपखार वन रेंज जो कान्हा नेशनल पार्क से सटा इलाका है, वहां सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई में चार कुख्यात महिला नक्सली मारी गईं। इन सभी पर कुल 62 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

बता दें कि खुफिया इनपुट के आधार पर गठित विशेष सुरक्षा दल ने जंगलों की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच यह ऑपरेशन अंजाम दिया। मुठभेड़ के दौरान हुई भीषण गोलीबारी में चारों महिला नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और नक्सली साहित्य बरामद किया गया है।

घटना को लेकर एसपी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यह हमारे लिए एक बड़ी सफलता है। ये सभी महिला नक्सली लंबे समय से वांछित थीं और इन पर राज्य सरकार ने लाखों रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। ऑपरेशन जारी रहेंगे, यह लड़ाई यहीं खत्म नहीं होती। मारी गई महिला नक्सलियों में दो छत्तीसगढ़ और एक महाराष्ट्र से संबंधित थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### वर्जीनिया में एयरशो से पहले विमान क्रैश, पायलट रॉब हॉलैंड की मौत

**हैम्पटन।** वर्जीनिया के लैंगली एयर फ़ोर्स बेस पर गुरुवार को विमान क्रैश होने से एयरोबैटिक पायलट रॉब हॉलैंड की मौत हो गई। वह इस सप्ताहांत एयरशो में हिस्सा लेने वाले थे। रॉब हॉलैंड के इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी मृत्यु की पुष्टि की गई है। इंस्टाग्राम अकाउंट पोस्ट में लिखा गया, रॉब हॉलैंड विमानन इतिहास में सबसे सम्मानित और प्रेरणादायक एरोबैटिक पायलटों में से एक थे। वह विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका एकमात्र लक्ष्य बस कल की तुलना में और बेहतर करना था। संघीय विमानन प्रशासन के अनुसार, दुर्घटना गुरुवार दोपहर से कुछ पहले हुई। वन सीटर प्रायोगिक एमएक्स एयरक्राफ्ट एमएक्सएस उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया जब रॉब बेस पर उतरने का प्रयास कर रहे थे। हादसे की जांच की जा रही है। हॉलैंड को शनिवार और रविवार को बेस पर होने वाले एयर पावर ओवर हैम्पटन रोड्स एयरशो में हिस्सा लेना था। हॉलैंड की वेबसाइट के अनुसार, वह 13 बार यूएस नेशनल एरोबैटिक चैंपियन रहे। शो के आयोजनकर्ता इंटरनेशनल एरोबैटिक क्लब के अध्यक्ष जिम बॉर्के ने बयान में कहा, रॉब को एक दोस्त, एक मार्गदर्शक, एक नेता और एक नवप्रवर्तक के रूप में याद किया जाएगा।

### अमेरिका की रूस को चेतावनी, यूक्रेन से शांति समझौता न करने पर प्रतिबंध लगेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस को यूक्रेन पर किए गए ताजा हमलों के बाद कड़ी चेतावनी दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अगर यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं हुआ तो रूस को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि ट्रंप ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि उनका मानना है कि रूस, यूक्रेन पर हमले रोकने की उनकी अपील को गंभीरता से लेगा। दोनों देशों के बीच समझौता अभी भी संभव है। राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका लगातार रूस पर यूक्रेन पर हमले रोकने के लिए दबाव डाल रहा है। ट्रंप ने दावा किया, आपको पता नहीं है कि हम रूस पर कितना दबाव डाल रहे हैं। ट्रंप से पूछा गया कि यूक्रेन के साथ शांति योजना पर पहुंचने के लिए रूसी सरकार ने क्या रियायतें दी हैं उन्होंने इसका स्पष्ट जवाब नहीं दिया। ट्रंप ने कहा कि वह गुरुवार को द अटलांटिक अखबार के प्रधान संपादक जेफरी गोल्डबर्ग से मिलने जा रहे हैं, जिन्हें अनजाने में सिग्नल चैट में शामिल कर लिया गया था। उल्लेखनीय है कि इस चैट में रक्षा सचिव पीट हेगसेथ सहित अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने यमन में हूथी विद्रोहियों पर हमले की योजनाओं पर चर्चा की थी।

### अमेरिकी रिपोर्ट में दावा, अब हुई जंग..., तबाह हो जाएगी पाकिस्तानी आर्मी

**वाशिंगटन।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरे भारत में गुस्सा है। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की सुरक्षा समिति की मीटिंग हुई, जिसमें फैसला हुआ कि सिंधु जल समझौते को रोका जाए। पाकिस्तान भारत के इसी एक्शन के बाद से ही खौफ में आ गया है। वहां कई नेता लगातार कह रहे हैं कि भारत की ओर से कुछ भी एक्शन हो सकता है। इस बीच अमेरिका की सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी का एक डॉक्युमेंट आंतकी हमले के बाद चर्चा में है। यह 1993 की सीक्रेट रिपोर्ट थी, इस रिपोर्ट को अब जारी किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तानी सेना से जुड़े लोग मानते हैं कि यदि भारत से एक और बड़ी जंग हुई , तब पाकिस्तानी आर्मी तबाह हो जाएगी। अमेरिकी एजेंसी की रिपोर्ट में भारत और पाकिस्तान की सैन्य और आर्थिक ताकत की तुलना हुई थी। इसके अलावा दोनों देशों के राजनीतिक माहौल पर भी बात हुई थी। अमेरिकी एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा था कि दोनों देशों के बीच ऑल आउट वॉर की संभावना 20 फीसदी ही है।

### 5 हजार चीटियों के साथ दबोचे गए दो युवा, एयरपोर्ट पर लगाई गई अदालत

**नैरोबी।** केन्या में चीटियों की तस्करी से जुड़ा एक मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने बेल्जियम के दो युवाओं को हजारों चीटियों के साथ गिरफ्तार किया है, इन चीटियों की कीमत करीब 9,200 डॉलर बताई जा रही है। कथित तौर पर इनको तस्करी करके यूरोपीय और एशियाई बाजारों में ले जाया जाना था। पुलिस ने इन युवाओं को गिरफ्तार करके जज के सामने पेश किया।केन्या के मुख्य एयरपोर्ट पर बैठी कोर्ट में जज नजेरी थुकू ने कहा कि वह इस मामले में कोई जल्दबाजी नहीं करेंगी, लेकिन 7 मई को सजा सुनाने के पहले इसके पर्यावरणीय प्रभाव और लड़कों की साइक्लॉजिकल स्थितियों की रिपोर्ट देखेंगी।
रिपोर्ट के मुताबिक बेल्जियम के दो 19 बर्षीय लोनॉर्य डेविड और सेप्पे लोडेविज्क्स को 5 अप्रैल को एक गेस्ट हाउस में 5 हजार चीटियों के साथ गिरफ्तार किया गया था।







## देवबंद में बड़ा हादसा पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, धमाकों से दहला क्षेत्र, तीन युवकों की मौत

सहारनपुर ■ एजेंसी

देवबंद में शनिवार सुबह करीब 6:00 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके व विस्फोट के बीच तीन युवकों की मौत हुई है। राहत-बचाव कार्य जारी है। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

देवबंद में शनिवार सुबह करीब 6.00 बजे एक पटाखा फैक्टरी में जोरदार विस्फोट हुआ। इस धमाके से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विस्फोट के समय फैक्टरी के अंदर कई लोग मौजूद थे, हादसे में तीन युवकों की मौत हुई है।

डीएम मनीष बंसल ने तीन लोगों के मरने की पुष्टि की है। इसमें राहुल उर्फ काका (24) पुत्र रामकुमार निवासी फतेहपुर गांव, विशाल(25) पुत्र संदीप कुमार निवासी गुनारसा गांव और विकास(19) पुत्र राजबल निवासी जड़ौदा जट शामिल है। उधर, ग्रामीणों ने जाम लगा दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि हादसे में तीन हिंदू युवकों की मौत हुई है, जबकि वहां पर मुस्लिम युवक भी काम करते थे। उन्हें कुछ क्यों नहीं हुआ। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों को समझाने पर जुटे हुए हैं। हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा है। विस्फोट की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। फैक्टरी में आग लगने के बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। प्रशासन घटना के कारणों की जांच कर रहा है।

वहीं मौके पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए हैं। धमाके के बाद भीषण आग की लपटे फैक्टरी से उठने लगीं। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं और आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। युवको की मौत की सूचना परिजनों को रो रोकर बुरा हाल हो गया। परिजन मौके पर पहुंच रहे हैं।

फैक्टरी को पटाखे बनाने के लिए लाइसेंस दिया गया है। अब यह जांच की जा रही है कि किस तरह के पटाखे बनाए जा रहे थे। फिलहाल तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।

### अब ना बाढ़ की खबर, ना सूखे की चेतावनी...

## सिंधु जल संधि सस्पेंड होने से पाकिस्तान की शामत आई!

नई दिल्ली ■ एजेंसी

पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव गहरा गया है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा कूटनीतिक कदम उठाया है और 1960 की ऐतिहासिक सिंधु जल संधि को सस्पेंड कर दिया है। भारत की मार से पाकिस्तान अंदर तक हिल गया है और नेता गीदड़भभकी देने लगे हैं. सिंधु जल संधि सस्पेंड होने के बाद पाकिस्तान पर संकट के बादल हैं। बाढ़ या सूखा... दोनों से पाकिस्तान में हाहाकार मचना तय है. हालात कुछ ऐसे हैं कि क्र्य को खुद पता नहीं है कि आगे क्या होने वाला है?



दरअसल, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान चली गई है. हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है, जिसे पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी माना जाता है। भारत भी साफ कर चुका है कि सीमा पार आतंकवाद की जड़ें मिट्टी में मिला दी जाएंगी। भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए बड़े फैसले लिए हैं। भारत ने पाकिस्तान को एक आधिकारिक पत्र के जरिए सूचित किया है कि सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जा रहा है. पत्र में भारत ने यह स्पष्ट किया कि पाकिस्तान द्वारा निरंतर हो रहे सीमा-पार आतंकवाद के चलते यह निर्णय लिया गया है।

साल 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में जल बंटवारा हुआ था. संधि के तहत भारत को रावी, ब्यास और सतलुज नदियों पर पूर्ण नियंत्रण दिया गया था. जबकि पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चेनाब नदी पर अधिकार दिया गया था, जो जम्मू-कश्मीर से होकर बहती हैं. सवाल उठ रहा है कि जल-बंटवारे के समझौते के निलंबन से पाकिस्तान पर क्या असर पड़ेगा? अब दोनों देशों के जल आयुक्तों की सालाना बैठकें नहीं होंगी, जिससे संवाद और विवाद निपटाने के रास्ते बंद हो जाएंगे। दरअसल, संधि के तहत दोनों देशों के दो आयुक्तों को साल में एक बार बारी-बारी से मिलने की व्यवस्था दी गई थी। भारत द्वारा संधि को निलंबित करने के बाद अब ऐसी कोई बैठक नहीं होगी। भारत अब पाकिस्तान को नदियों का प्रवाह, बाढ़ की चेतावनी और ग्लेशियर पिघलने की जानकारी नहीं देगा. इससे पाकिस्तान में बाढ़ या सूखे की संभावना बढ़ सकती है।संधि के तहत भारत, पाकिस्तान को समय पर हाइड्रोलॉजिकल डेटा सर्कुलेट करता आ रहा था. इसमें बाढ़ की चेतावनी जारी की जाती थी। नदी के प्रवाह को साझा करना और ग्लेशियर पिघलने के पैटर्न पर अलर्ट दिया जाता था। अब पाकिस्तान को सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के जल स्तर के बारे में जानकारी की कमी के कारण संभावित सूखे या बाढ़ का खतरा है।

## भारत के शर्बती गेहूं की दुनियाभर में धूम: शिवराज सिंह चौहान



नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि एक समय था, जब हम अपनी जनता का पेट भरने के लिए अमेरिका से निम्न स्तर का गेहूं लेने के लिए मजबूर थे लेकिन आज देश में अन्न के भंडार भर हुऐ हैं। हमारा शरबती गेहूं आज दुनिया में धूम मचा रहा है। हमारे खाद्यान्न का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। शिवराज सिंह स्वदेशी शोध संस्थान के विजन ऑफ भारत 2047 के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत की महानता को रेखांकित करते हुए कहा कि समृद्धि के पैमाने अलग-अलग होते हैं। सिर्फ आर्थिक रूप से संपन्नता को समृद्धि नहीं माना जाता है। उन्होंने प्राचीन काल की मिसाल देते हुए कहा कि जब पश्चिम के लोग अपने शरीर को पत्तों और छालों से ढ़का करते थे तो हमारे यहां मलमल बन गया था। हमारे ऋषियों ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् यानी सारी दुनिया एक परिवार है।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खतरों के बावजूद बढ़ते तापमान और अनिश्चित मौसम के बावजूद हमने देश के खाद्यान्न को ही नहीं बढ़ाया है बल्कि अपनी जनता का पेट भी भरा है, साथ ही कई देशों को अन्न का निर्यात भी किया है। हम दलहन और तिलहन का उत्पादन भी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक करोड़ किसानों को सेनसेंटाइज किया जा रहा है, प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हम लगभग 15 सौ कलस्टर में साढ़े सात लाख किसानों तक प्राकृतिक खेती को ले जायें ताकि ये किसान अपने खेत के एक हिस्से में प्राकृतिक खेती को प्रारम्भ करे।

## पाकिस्तानियों की एक और बेशर्मी भरी करतूत, भारतीय प्रदर्शनकारियों को किया गला काटने का इशारा

लंदन ■ एजेंसी

लंदन में पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात पाकिस्तानी सेना के कर्नल तैमूर राहत ने उच्चायोग की बालकनी से भारतीय प्रदर्शनकारियों को सार्वजनिक तौर पर गला काटने का इशारा किया। कर्नल राहत पाकिस्तानी उच्चायोग में सेना और वायु सलाहकार के रूप में काम कर रहा है।

पहलगाम हमले की पूरी दुनिया में निंदा हो रही है, लेकिन पाकिस्तानियों को इसकी जरा भी परवाह नहीं है। लंदन में बड़ी संख्या में भारतीय और भारतीय मूल के लोग इकट्ठा हुए और उन्होंने पाकिस्तानी उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात पाकिस्तानी सेना के एक अधिकारी ने भारतीयों की तरफ आपत्तिजनक इशारा किया। दरअसल पाकिस्तानी अधिकारी ने भारतीयों की तरफ गला काटने का इशारा किया। पाकिस्तानी अधिकारी का वीडियो कैमरे में कैद हो गया और अब यह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पहलगाम हमले के विरोध में 500 से ज्यादा ब्रिटिश हिंदुओं ने शुक्रवार को लंदन में पाकिस्तानी उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर और प्लेकार्ड पकड़े हुए थे और प्रदर्शनकारी नारेबाजी कर रहे थे और पहलगाम पीड़ितों के लिए न्याय की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए और पाकिस्तान पर आतंकवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया। इस दौरान लंदन में पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात पाकिस्तानी सेना के कर्नल तैमूर राहत ने उच्चायोग की बालकनी से भारतीय प्रदर्शनकारियों को सार्वजनिक तौर पर गला काटने का इशारा किया।






कर्नल राहत पाकिस्तानी उच्चायोग में सेना और वायु सलाहकार के रूप में काम कर रहा है। एक तरफ पहलगाम में मासूम पर्यटकों की निर्मम हत्या से न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में गम का माहौल है। वहीं लंदन स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग ने बेशर्मी की हद पार करते हुए भारतीयों के प्रदर्शन के दौरान तेज संगीत बजाया।

## गोरखपुर में तेज रफ्तार कार ने 7 लोगों को रौंदा, मां-बेटी समेत तीन की मौत, 5 गंभीर घायल

गोरखपुर ■ एजेंसी

महानगर के नार्थ ब्लॉक के बालापार-टिकरिया रोड पर रघुनाथपुर भगवानपुर गांव के पास रात करीब साढ़े दस बजे तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे सो रहे एक ही परिवार के सात लोगों को रौंद दिया। घायलों को मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां मां और दो बेटियों की मौत हो गई। चार साल के बच्चे सहित पांच लोगों का इलाज चल रहा है। कार सवार एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया। पुलिस ने कार कब्जे में लेने का प्रयास किया तो ग्रामीण उलझ गए। उन्हें समझाकर क्रेन से कार को चौकी पर ले जाया गया।





परिवार के सभी सदस्य गर्मी की वजह से घर के बाहर सड़क के किनारे चारपाई लगाकर सोए थे। रात साढ़े दस बजे बालापार की तरफ तेज रफ्तार जा कार में बाराती सवार थे। रफ्तार इतनी तेज थी कि वह बेकाबू होकर बाईं तरफ पटरी से नीचे उतर गई। कार ने घर के सामने सड़क किनारे चारपाई बिछा कर सो रहे परिवार के सदस्यों को रौंद दिया। हादसे में एक महिला और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई।

कार से कुचलकर सईदा खातून (30) और उनकी बेटी सूफिया (16) के साथ ही परिवार के बदरे आलम (17), राबिया (32), मरियम (50), जुबेर (14) औरनिकहत (6) बुरी तरह से घायल है जिनका बीआरडी मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है मौके से गाड़ी में सवार अन्य तीन लोग फरार हो गए।


### 36 साल की महिला की हुई रोबोटिक सर्जरी

## दुनिया का सबसे बड़ा ट्यूमर निकाला फुटबॉल जितना था आकार

*नई दिल्ली ■ एजेंसी*

*यह एड्रेनल ट्यूमर दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा एड्रेनल ट्यूमर है, जिसे रोबोटिक तरीके से न्यूनतम इनवेसिव तरीके से हटाया गया है। यह ट्यूमर न केवल बहुत बड़ा हो गया था बल्कि शरीर की तीन महत्वपूर्ण इंफीरियर वेना कावा, लीवर और दाएं किडनी पर भी असर डाल रहा था। ट्यूमर इन अंग पर खतरनाक तरीके से चिपक गया था।*

*सफदरजंग अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने रोबोटिक सर्जरी में कीहोल चीरा लगा कर पेट से फुटबॉल जितना ट्यूमर निकाल दिया। 36 साल की महिला की एड्रेनल ट्यूमर से पीड़ित थी। यह आकर दुनिया भर के मरीजों के मुकाबले सबसे बड़ा आकर है। ट्यूमर पेट के अंदर इंफीरियर वेना कावा, लीवर और दाएं किडनी पर असर डाल रहा था। डॉक्टरों से मिली जानकारी के मुताबिक, 36 वर्षीय महिला की जटिल रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है। महिला विशाल एड्रेनल ट्यूमर से पीड़ित थी। सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल ने बताया कि 18.2 3 13.5 सेमी का यह एड्रेनल ट्यूमर दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा एड्रेनल ट्यूमर है, जिसे रोबोटिक तरीके से न्यूनतम इनवेसिव तरीके से हटाया गया है। इस सर्जरी को रोबोटिक सर्जरी यूरोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट विभाग के प्रमुख और प्रोफेसर डॉ. पवन वासुदेवा ने डॉ. नीरज कुमार और डॉ. अविषेक मंडल के साथ मिलकर की। इसमें एनेस्थीसिया टीम में डॉ. सुशील, डॉ. भव्या और डॉ. मेघा भी शामिल थीं।*





*डॉक्टरों ने बताया कि यह सर्जरी काफी जटिल थी। यह ट्यूमर न केवल बहुत बड़ा हो गया था बल्कि शरीर की तीन महत्वपूर्ण इंफीरियर वेना कावा, लीवर और दायां किडनी पर भी असर डाल रहा था। ट्यूमर इन अंग पर खतरनाक तरीके से चिपक गया था। डॉ. वासुदेव ने कहा कि सर्जरी काफी जटिल थी। दा विंची रोबोट के 3डी विजन और रोबोटिक हाथों की मदद से जटिल सर्जरी को आमतौर पर लेप्रोस्कोपी से ज्यादा सटीकता के साथ किया जा सकता है। इस मामले में, सर्जरी तीन घंटे से ज्यादा चली और ट्यूमर को बिना किसी जटिलता के पूरी तरह से हटाया जा सका। ऑपरेशन के बाद रिकवरी में कोई समस्या नहीं हुई और मरीज को तीन दिन में छुट्टी दे दी गई।*

*रोबोटिक सर्जरी कई फायदे देती है, जिसमें छोटे कीहोल चीरे, सटीक काम, ऑपरेशन के बाद कम दर्द, ऑपरेशन के बाद जल्दी रिकवरी और काम पर जल्दी वापसी शामिल है। डॉ. वासुदेवा ने बताया कि अगर यह सर्जरी खुले रास्ते से की जाती तो इसके लिए 20 सेंटीमीटर से ज्यादा त्वचा चीरा लगाना पड़ता और इसके बाद पूरी तरह ठीक होने में कुछ हफ्ते लगते।*

## गुजरात में अवैध विदेशी प्रवासियों पर बड़ी कार्रवाई, 400 से अधिक संदिग्ध हिरासत में

*अहमदाबाद ■ एजेंसी*

गुजरात में अवैध विदेशी प्रवासियों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। 400 से अधिक संदिग्ध हिरासत में लिए गए हैं। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच में पुलिस उपायुक्त अजीत राजयान ने बताया कि शनिवार तड़के तीन बजे पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप आर्थिक अपराध शाखा , जोन 6 पुलिस और मुख्यालय के अधिकारियों की टीम ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान 400 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया।

डीसीपी अजीत ने बताया कि अहमदाबाद में अवैध रूप से रहने वाले विदेशी प्रवासियों को चिह्नित करने के लिए पुलिस सघन तलाशी अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस को 400 से अधिक संदिग्ध अवैध विदेशी प्रवासी मिले, जिन्हें हिरासत में लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानियों को जारी सभी वीजा रद्द कर दिए हैं। इसी नीति के आधार पर पाकिस्तान के लोगों को देश छोड़ने को कहा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी सभी राज्यों को निर्देश दिए हैं कि पाकिस्तान के लोगों की पहचान कर उन्हें देश से निकालने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाए।



अगर कोई पाकिस्तानी नागरिक सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए निर्धारित समय से अधिक समय भारत में रुकता है तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पारिवारिक विवाद के दौरान पत्नि ने पति पर छुरी से किया जानलेवा हमला

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

स्टेशन बजरिया थाना इलाके में अनबन को लेकर मायके में रह रही पत्नि को समझाइश देने पहुंचे पति के पेट में गुस्साई पत्नि ने सब्जी काटने की छुरी से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में पति को इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार नरोना सांकल अजनाल डेम थाना बिलखिरिया में रहने वाला शाहिद अंसारी (43) ट्रक चलाता हैं। शाहिद की अपनी पहली पत्नी से तलाक हो जाने के बाद उसने दूसरी शादी मुमताज के साथ की थी। दूसरी शादी के बाद वह कम्मू का बाग में रहने लगा था। उसने पुलिस को बतायसा की करीब 15 दिन पहले उनका पत्नी मुमताज से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, झगड़े से गुस्साई मुमताज नवबहार कॉलोनी स्थित अपने मायके जाकर रहने लगी।क़

इस दौरान मुमताज ने पति के खिलाफ महिला थाने में प्रकरण भी दर्ज करा दिया। बीती 22 अप्रैल की रात करीब 9 बजे पति शाहिद उसे समझाइश देने उसके घर गया था। कमरे में बैठकर सास, साले और साले की पत्नी से बातचीत कर रहा था। उसी दौरान अचानक ही उसकी पत्नि मुमताज किचिन से सब्जी काटने की छुरी लेकर आई और उसके पेट में घातक वार कर दिया। घटना के बाद मुमताज अपने भाई सलीम के साथ वहां से चली गई। बाद में वो इलाज के लिये अस्पताल पहुंचा, वहॉ से मिली सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और पत्नि के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया गया है की फिलहाल आरोपी पत्नि की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## सीएम ने की पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा योजना की समीक्षा

# आपातकालीन चिकित्सा उपलब्ध कराने में प्रभावी पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा : मुख्यमंत्री

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हर जीवन अमूल्य है, आपातकालीन चिकित्सकीय परिस्थितियों में व्यक्ति को उन्नत स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सुविधा प्रदेश में आरंभ की गई है। इस सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार और जिला स्तर पर बेहतर विभागीय समन्वय से क्रियान्वयन आवश्यक है।



ऐसे क्षेत्रों में जहां उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां पीपीपी मोड पर चिकित्सालय बनाने के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा योजना की वृहद समीक्षा की। उन्होंने योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग और विमानन विभाग को समन्वय पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि सेवाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित कर अमूल्य जीवन का संरक्षण किया जा सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपातकालीन स्थितियों में जैसे सड़क दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा में, ट्रॉमा यूनिट और प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम को घटना स्थल तक एयर एम्बुलेंस द्वारा पहुंचाया जाना चाहिए। इसके साथ ही एयर एम्बुलेंस सेवा के बेहतर उपयोग के लिए सेंसिटिव क्षेत्रों में प्राथमिकता से आवश्यक लैंडिंग अधोसंरचना का विकास करने पर उन्होंने जोर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐसे क्षेत्र जहाँ सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती हैं उन्हें चिन्हित करने और इन क्षेत्रों से ट्रॉमा सेंटर तक जल्दी पहुंचाने के लिए सुनियोजित योजना पर कार्य करने के निर्देश दिये, ताकि शीघ्रता से पीड़ित को चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया कराई जा सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल गैस त्रासदी प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल गुणवत्ता का निरीक्षण

**भोपाल।** भोपाल गैस त्रासदी से प्रभावित क्षेत्रों में प्रदाय किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच हेतु निरीक्षण दल द्वारा व्यापक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका क्रमांक 657/1995 - रिसर्च फाउंडेशन फॉर साइंस बनाम भारत संघ के मामले में दिए गए निर्देशों तथा मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जारी आदेशों के पालन में किया गया। निरीक्षण टीम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायाधीश- सचिव सुनीत अग्रवाल, गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग के सहायक निदेशक राकेश बजाज, नगर निगम भोपाल के अधीक्षण यंत्री गर्ग एवं कार्यपालन यंत्री खान, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पीएचई विभाग के अधिकारी तथा याचिकाकर्ता की ओर से नामित सुश्री रचना ढींगरा सम्मिलित रहीं। टीम ने निशातपुरा, शिव शक्ति नगर, प्रेम नगर, ब्रिज विहार कॉलोनी, न्यू आरिफ नगर, गरीब कॉलोनी, कैची छोला सहित विभिन्न प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पानी की स्वच्छता और गुणवत्ता का निरीक्षण किया तथा नमूनों को परीक्षण के लिए एकत्रित किया।

### डिवाइडर से टकराकर गिरा बाइक सवार, पीछे से आ रहे वाहन ने कुचला, मौत

**भोपाल।** मिसरोद थाना इलाके में बाइक सवार युवक वाहन बेकाबू होने पर डिवाइडर से टकराकर सड़क पर गिर गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में वाहन का टायर उसके सिर के ऊपर से निकलने के कारण उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। थाना पुलिस ने बताया की नूरगंज औबेदुल्लागंज में अपनी ससुराल में रहने वाला अविनाश ठाकुर (36) भोपाल के अशोका गार्डन इलाके में फेब्रिकेशन की दुकान चलाता था। गुरुवार रात रोजाना की तरह दुकान बंद कर बाइक से वापस नूरगंज जाने के लिए निकला था। ग्यारह मील के पास पहुंचने पर अचानक ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई ओर वह बाइक सहित सड़क पर गिर गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उसे कुचल दिया।

### ग्राहक बनकर आए युवक ने मोबाइल पर कर दिया हाथ साफ

**भोपाल।** शहर के हबीबगंज थाना इलाके में ग्राहक बनकर आए एक युवक ने मौका पाकर मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। घटना करीब पांच महीने पहले की है, जिसकी लंबी चली जॉच के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तालश शुरु कर दी हैं। मिली जाकनकारी के अनुसार ईश्वर नगर में रहने वाले दिनेश पदमाकर ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया की वह हबीबगंज थाना इलाके में 11 नंबर पर मोबाइल की दुकान संचालित करते है। बीते साल 9 नवंबर 2024 को उनकी दुकान पर आये एक ग्राहक ने फोन खरीदने की बात कही। कई मोबाइल देखने के बाद उसने 18 हजार कीमत का एक फोन पसंद किया। इसके बाद आरोपी ने कहा की कार से पैसा निकालकर उसे लाकर दे रहा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पार कर रहे वृद्ध की मौत

**भोपाल।** ईटखेड़ी थाना इलाके में स्थित व्हाइट हाउस के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पार कर रहे वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस के अनुसार नजीराबाद इलाके के रहने वाले दौलत राजपूत पिता पदम राजपूत (62) ड्रायवर थे। दौलत राजपूत ने ईटखेड़ी गुलफाम गार्डन के सामने गुलशन कॉलोनी में मकान बना लिया है, इसी मकान में वह परिवार सहित रहते है, और कुछ हिस्सा किराए पर दे रखा है।

## पीएचक्यू में कई स्तरों पर हो रहा है शिकायतों का निराकरण

# पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायतों का लगा अंबार

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

जनता की शिकायतों का निराकरण करने वाली पुलिस के खिलाफ भी शिकायतों का अंबार लगा है। पुलिस के बड़े अधिकारियों के साथ ही पुलिस जवानों के खिलाफ लगातार शिकायतें हो रही है। हालांकि जांच में यह भी तथ्य सामने आ रहा है कि अपनी निजी दुश्मनी निकालने के लिए भी लागे पुलिस को टारगेट कर रहे हैं। हालांकि पुलिसकर्मियों के खिलाफ जितनी शिकायतें पहुंच रही हैं पुलिस मुख्यालय में परीक्षण और जांच कर उनका निराकरण किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, प्रदेश पुलिस के तीन हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों और अफसरों के खिलाफ पुलिस मुख्यालय में शिकायतें पहुंची हैं। यह आंकड़ा पिछले एक साल का हैं। इनमें से लगभग आधी शिकायतों पर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एक्शन लिया गया। जबकि बाकी शिकायतों में ऐसा कुछ नहीं निकला की उन पर कार्यवाही की जाए। पेंडिंग समेत ढाई हजार शिकायतों का निराकरण हो चुका है, इसके बाद भी अभी 1400 के लगभग शिकायतों की जांच चल रही है।




### पीएचक्यू के पास 1388 शिकायतें लंबित

जानकारी के अनुसार पिछले साल पुलिस मुख्यालय में विभिन्न जिलों से पुलिसकर्मियों और अफसरों के खिलाफ तीन हजार 70 शिकायतें आई थी। शिकायतों को पुलिस मुख्यालय की शिकायत शाखा में भेजा गया। यहां पर 803 शिकायतें पूर्व से लंबित थी। इन सभी शिकायतों में से 1306 शिकायतों पर कार्यवाही की गई है। यानि शिकायत पर पुलिस मुख्यालय ने एक्शन लिया। इनके अलावा लगभग 1200 शिकायतों को और निराकृत किया गया, जिसमें शिकायत सही नहीं पाई गई। इस तरह पुलिस मुख्यालय ने 3877 शिकायतों में से 2425 शिकायतों को निराकृत कर दिया गया। अब पुलिस मुख्यालय के पास 1388 शिकायतें लंबित हैं।

जानकारी के अनुसार, आवश्यक कार्यवाही के लिए पुलिस मुख्यालय शिकायत की अपने स्तर पर जांच करने के बाद संबंधित इकाई को आगे की कार्यवाही या विस्तार से जांच करने के बाद उचित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया जाता है। जांच में जैसे तथ्य पाए जाते हैं उसके अनुसार आगे की कार्यवाही की जाती है। इसमें कई बार पुलिस कर्मियों की विभागीय जांच भी होती है, कई बार पुलिसकर्मियों पर एफआईआर भी दर्ज हो जाती है। कुछ में उन्हें चेतावनी दे दी जाती है।

इसी तरह ग्वालियर से 431 शिकायतें हुई। इनमें से 180 पर एक्शन हुआ और 140 और निराकृत हुई। कुल

### हर जिले में शिकायतें

प्रदेश का कोई भी ऐसा जिला नहीं है, जहां पुलिस के खिलाफ शिकायतें न की जा रही हो। नए बने जिले मैहर से दो शिकायतें सामने आई, हालांकि दोनों की ही जांच अभी चल रही है। इसी तरह पाढ़ुर्णा जिला बनने के बाद यहां पर तीन शिकायतें पुलिसकर्मियों और अफसरों के खिलाफ पुलिस मुख्यालय के पास पहुंची है। इन तीनों की अभी जांच जारी है। प्रदेश के बड़े शहरों से भी खासी शिकायतें पुलिसकर्मियों और अफसरों के खिलाफ पुलिस मुख्यालय को मिली हैं। इसमें भोपाल से 201 शिकायतें पुलिस मुख्यालय के पास पहुंची। इनमें से 69 पर जरुरी कार्यवाही की गई, जबकि इतनी ही शिकायतों को और निराकृत किया गया। यहां की अभी 102 शिकायतों की जांच जारी है।

320 शिकायतों का निराकरण किया गया, अब यहां की 194 शिकायतों की जांच जारी है। इंदौर के पुलिसकर्मियों और अफसरों के खिलाफ भी शिकायतों का अंबार पुलिस मुख्यालय में लगा हुआ है। यहां के पुलिस कर्मियों के खिलाफ 299 शिकायतें प्राप्त हुई। जबकि पुलिस मुख्यालय के पास 107 शिकायतें पूर्व से लंबित थी। इनमें से 120 शिकायतों पर एक्शन लिया गया।

# आयकर विभाग देश के 45 शहरों में लगाएगा रोजगार मेला

## इंदौर में बीसीसी में लगेगा मेला, ऑनलाइन जुड़ेंगे प्रधानमंत्री



**भोपाल ■ निसं**

आयकर विभाग द्वारा 26 अप्रैल को इंदौर सहित देश के 45 शहरों में रोजगार मेला लगाया जाएगा। इंदौर में यह मेला ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में लगेगा। इस मेले में 100 से ज्यादा कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस मेले में ऑनलाइन जुड़ेंगे और संबोधित करेंगे।

रोजगार मेले का आयोजन स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा किया जाता रहा है। इस तरह का मेला जब भी लगाया जाता है तो उसमें बहुत सारे उद्योग और कंपनियों को बुलाया जाता है। मेले के माध्यम से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को इन उद्योग, कंपनी में नौकरी दिलाने की कोशिश की जाती है। अब तक चलने वाली इस परंपरा से अलग हटकर इस बार केंद्र सरकार द्वारा आयकर विभाग के माध्यम से रोजगार मेले का आयोजन करवाया जा रहा है। यह मेला 26 अप्रैल को एक साथ एक ही दिन देश के 45 शहरों में आयोजित किया जाएगा। इस मेले का आयोजन करने से पहले केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न केंद्रीय विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती करने के लिए अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से परीक्षा आयोजित कर पूरी प्रक्रिया करते हुए विभिन्न पदों पर भर्ती की गई। भर्ती की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब विभिन्न पदों के लिए चयनित किए गए कर्मचारियों को नौकरी ज्वाइन करने के लिए इस रोजगार मेले के माध्यम से नियुक्ति पत्र देने का काम किया जाएगा।

इंदौर में यह मेला 26 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे से ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है।

# काम से लौट रही विवाहिता को मनचलों ने किये अश्लील इशारे, पीटा

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

शहर के ऐशबाग थाना इलाके में कामकाजी विवाहिता को रात के समय दो मनचलो ने पहले तो कमेंटस करते हुए उससे अश्लील बातें कही। बाद में वापस लौटकर उसके साथ मारपीट कर दी। थाना पुलिस के अनुसार 37 वर्षीय विवाहिता ने अपनी शिकायत में बताया की वह प्रायवेट नौकरी करती है।

22 अप्रैल की रात वह काम के बाद वापस घर जाने के लिये चेतक ब्रिज से ई-रिक्शा में बैठी थी। मोती नगर के पास ई-रिक्शा की बैटरी डिस्चार्ज होने पर वह पैदल जाने लगी। करीब साढ़े 11 बजे जैसै ही वह मोती नगर से हटाकर ब्रिज के नीचे खोली गई वाइन शॉप के सामने पहुंची तभी बाइक पर सवार दो आरोपी युवक उसके पास आए और आपत्तिजनक कमेंटस करते हुए अपने साथ चलने की बात कही। पीड़िता ने उन्हें नजर अंदाज किया और तेजी से वहॉ से निकलने लगी, दोनों युवक भी वहां से आगे चले गए। लेकिन कुछ मिनट बाद ही वह वापस लौटे उनमें से एक युवक ने कहा की यह वही लड़की है। उसने किसी को फोन लगाया। लाउड स्पीकर में बातचीत करते हुए मोबाइल पर बात करने वाले लड़के से बोला कि हमने उस लड़की को ढूंढ लिया है। उसने कहा कि उसे मारो वह उसके खिलाफ थाने में काफी शिकायतें कर रही है। इसके बाद दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर डाली। अगले दिन पीड़िता ने इसकी शिकायत थाने में की।

## मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया थर्ड लेग निर्माण स्थल का निरीक्षण

# सिविल इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण होगा सुभाष नगर आरओबी का थर्ड लेग- मंत्री सारंग

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को सुभाष नगर आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) के प्रस्तावित थर्ड लेग निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की रूपरेखा का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग (सेतु), नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मंत्री सारंग ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ मार्ग का अवलोकन कर थर्ड लेग निर्माण में आने वाली संभावित बाधाओं की समीक्षा कर उन्हें दूर करने के भी निर्देश दिए।



मंत्री सारंग ने बताया कि नरेला विधानसभा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से अब तक 10 फ्लाईओवरों की सौगात दी है। विगत वर्ष बने सुभाष नगर आरओबी से 5 लाख नागरिकों को सुविधा मिल रही है। अब इसी आरओबी का विस्तार करते हुए इसका 'थर्ड लेग' तैयार किया जाएगा। यह फ्लाईओवर, सुभाष नगर आरओबी के ऊपर से होकर गुजरेगा। थर्ड लेग से भेल क्षेत्र से आने-जाने वाले यात्रियों को एमपी नगर एवं न्यू भोपाल पहुंचने में और अधिक सुगमता होगी। मंत्री सारंग ने बताया कि यह थर्ड लेग तकनीकी दृष्टि से अत्यंत उन्नत होगा तथा सिविल इंजीनियरिंग का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात व्यवस्था सुधार पर जोर

**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भोपाल शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती अंजू अरुण कुमार, डीसीपी ट्रैफिक संजय सिंह, एडीएम प्रकाश नायक, एसडीएम आदित्य जैन और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने शहर में उचित यातायात प्रबंधन और सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष ज़ोर दिया। उन्होंने पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित करने और सड़कों पर लाइन मार्किंग को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ई-रिक्शा और ऑटो स्टैंड के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करने के भी निर्देश दिए।

## अब अनुकंपा नियुक्ति के लिए नहीं भटकना पड़ेगा

# मोहन सरकार ने 'अनुकंपा' नाम से तैयार किया पोर्टल

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मप्र में अनुकंपा नियुक्ति के लिए आश्रित परिवारों को सरकारी विभागों के चक्कर नहीं काटने होंगे। अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया आसानी से पूरी हो जाए और आश्रित को भटकना न पड़े इसके लिए राज्य शासन द्वारा एक नया ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया गया है। इसके जरिए आश्रितों को जल्द से जल्द अनुकंपा नियुक्ति का लाभ मिल सकेगा। इस पोर्टल में हर जिले के अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को अपलोड किया जाएगा। साथ ही पोर्टल पर विभागों में खाली पदों को



भी प्रदर्शित किया जाएगा। इससे यह पता लगाना आसान होगा कि किस विभाग में कितने पद खाली हैं, जहां अनुकंपा नियुक्ति की जा सकती है।

सरकार की नई व्यवस्था से अनुकंपा नियुक्ति से जुड़ी 100 फीसद प्रक्रिया ऑनलाइन की जा रही है। इस पर परिजनों द्वारा आवेदन से लेकर सुनवाई और पात्रता पूरी करने वाले परिवार के सदस्य को नियुक्ति आदेश सब कुछ ऑनलाइन ही जारी किए जाएंगे। अब मृत शासकीय सेवकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति देने से जुड़े मामलों में बाबू हो या अफसर, कोई भी अड़ंगे नहीं लगा पाएंगे। यदि तय अवधि के बाद फाइलें रोकी तो उसे कार्रवाई के दायरे में लिया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश के बाद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की एमपीएसईडीसी ने अनुकंपा नियुक्ति संबंधी ऑनलाइन पोर्टल बना दिया है। सभी अपर मुख्य सचिव, मुख्य सचिव, सचिव, उप सचिव और विभाग प्रमुखों को इसकी सूचना भी दी है। यही नहीं, इस पोर्टल को उपयोग करने संबंधी प्रशिक्षण भी दे दिया है। फिलहाल यह प्रशिक्षण विभाग प्रमुखों को दिया है।

### पोर्टल से समस्या होगी दूर

प्रदेश में अभी अनुकंपा नियुक्ति के सभी आवेदन ऑफलाइन मंगाए जाते हैं। लेकिन अब राज्य सरकार अनुकंपा के सभी आवेदन ऑनलाइन ही बुलाएगी। इसके लिए मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग ने अनुकंपा नाम से एक पोर्टल तैयार किया है। इस पोर्टल के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को पत्र भेजकर इस पोर्टल के बारे में जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को पारदर्शी और समय सीमा में निराकरण करने के लिए इस पोर्टल को तैयार किया गया है। आवेदकों का निराकरण, जांच और सत्यापन कर इसका निराकरण किया जा सकेगा। सामान्य प्रशासन विभाग का कहना है कि उक्त पोर्टल पर अभी कुछ काम बाकी है, जो अगले सप्ताह तक पूरे कर लिए जाएंगे।

# निगम अमले ने की अवैध निर्माणों को तोड़ने एवं अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की

## ठेले, गुमठी, पान पार्लर, टायर आदि किये जप्त

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बनें चबूतरे, बाथरूम, स्लेब, टपरे आदि तोड़ने की कार्यवाही की तथा सड़कों, फुटपाथों आदि पर अवैध रूप से रखे काउंटर, गन्ने की चरखी, बांस बल्ली, फर्शियां व भवन निर्माण सामग्री, जनरेटर सहित दुकानों के सामने रखा विभिन्न प्रकार का सामान हटाया और ठेले, बड़ी गुमठी, पान पार्लर, छतरी, पन्नी, लोहे का फ्रेम व टायर आदि जप्त करने की कार्यवाही की।



निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने शुक्रवार को नारायण नगर, अवधपुरी, तुलसी परिसर, पिपलानी, बरखेड़ी, न्यू मार्केट के अंदर एवं बाहर, पंजाबी बाग, टीला जमालपुरा, इंद्रा नगर, शाहजहानाबाद, संजय नगर, बिट्टन मार्केट, गीतांजलि काम्प्लेक्स चैराहा, बरखेड़ा पठानी, कोलार रोड, महाबलीपुरम गेट, डीमार्ट, ललिता नगर, सर्वधर्म कालोनी, बंजारी हिल्स, एम.पी.नगर जोन-02, प्रेस काम्प्लेक्स, विशाल मेगामार्ट, मानसरोवर काम्पलेक्टस, लिंक रोड नं. 01, 02 एवं 03, रायसेन रोड, के सामान को हटाने की कार्यवाही की।

## अनमोल वचन

आशा कभी आपको छोड़कर नहीं जाती है, आप इसे छोड़ते है।
– जॉर्ज वीनवर्ग

मनुष्य अपने जन्म से नहीं बल्कि अपने कर्म से महान बनता है।
– चाणक्य

# मनुष्य के मौलिक सृजन को संरक्षित करना बड़ी चुनौती

बौद्धिक संपदा दिमाग की रचनाओं से संबंधित है, जैसे आविष्कार, साहित्यिक सृजन, संगीत, कला और कलात्मक कार्य, डिजाइन और व्यापार में उपयोग किए जाने वाले प्रतीक, नाम और चित्र आदि। ऐसे रचनात्मक काम जो पहले नहीं किया गया हो, ये हमारी बौद्धिक संपदा है। इस रचनात्मक सम्पदा का कोई दूसरा अनाधिकृत उपयोग नहीं सके, इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक संपदा को सुरक्षित एवं संरक्षित करवाना चाहिए।

– ललित गर्ग

रचनात्मकता, सृजनात्मकता और संरचनात्मकता मनुष्य की स्वाभाविक वृत्ति है, मानव की इन मौलिक विशेषताओं एवं उपलब्धियों को उचित सम्मान मिले, उचित प्रोत्साहन एवं पारिश्रमिक मिले, ऐसे नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए ही हर साल 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बौद्धिक संपदा (आईपी) के बारे में जागरूकता बढ़ाना है और नवाचार तथा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने में आईपी की भूमिका को उजागर करना है। कृत्रिम बौद्धिकता के दौर में मानव की स्वत: स्फूर्त बौद्धिकता का संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रोत्साहन ज्यादा जरूरी है। 2025 की थीम 'आईपी और संगीत: आईपी की धड़कन महसूस करें' है। यह संगीत उद्योग में बौद्धिक संपदा (आईपी) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है, इस थीम का उद्देश्य आईपी के माध्यम से संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करना और उन्हें उनके काम के लिए उचित मान्यता दिलाना है। 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना करने वाला कन्वेंशन लागू हुआ था। यह दिन बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क आदि के महत्व को उजागर करता है, जो नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

बौद्धिक संपदा दिमाग की रचनाओं से संबंधित है, जैसे आविष्कार, साहित्यिक सृजन, संगीत, कला और कलात्मक कार्य, डिजाइन और व्यापार में उपयोग किए जाने वाले प्रतीक, नाम और चित्र आदि। ऐसे रचनात्मक काम जो पहले नहीं किया गया हो, ये हमारी बौद्धिक संपदा है। इस रचनात्मक सम्पदा का कोई दूसरा अनाधिकृत उपयोग नहीं सके, इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक संपदा को सुरक्षित एवं संरक्षित करवाना चाहिए। इसी उद्देश्य से यह दिवस बौद्धिक संपदा संरक्षण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है, दुनियाभर में बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रभाव को विस्तार देता है, देशों से बौद्धिक संपदा संरक्षण कानूनों और विनियमों को प्रचारित और लोकप्रिय बनाने का आग्रह करता है, बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में सार्वजनिक कानूनी जागरूकता बढ़ाता है। इसके साथ ही इसका बड़ा उद्देश्य है विभिन्न देशों में आविष्कार-नवाचार गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और बौद्धिक संपदा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान को मजबूत करना है। भारत भी विश्व बौद्धिक संपदा संगठन का सदस्य है। इस संगठन की स्थापना 14 जुलाई 1967 को हुई थी, जिसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उद्भव एवं प्रचलन का बौद्धिक संपदा (आईपी) ढांचे पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, जो एक बड़ी चुनौती है। हमें एआई जैसे नवाचार प्रोत्साहनों के उभरते परिदृश्य और मौजूदा आईपी ढांचे के लिए इसके द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर मंथन करना होगा। पेटेंट योग्यता दुविधाओं से लेकर कॉपीराइट पहेली तक, हम पाते हैं कि तेजी से तकनीकी प्रगति के बीच नवाचार को बढ़ावा देने और सामाजिक हितों की रक्षा करने के बीच एक नाजुक संतुलन है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी और इंटरनेट के साथ हमारे संपर्क के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। जैसे-जैसे एआई अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है, इसका बौद्धिक संपदा के संरक्षण पर चुनौतीपूर्ण गहरा प्रभाव पड़ रहा है। चैटजीपीटी जैसे एआई चैट बॉट अविश्वसनीय रूप से परिष्कृत मानव-जैसे लिखित उत्तर दे सकते हैं, क्योंकि भाषा मॉडल की प्रश्नों और कार्यों को समझने और उन टेक्स्ट और डेटा के आधार पर प्रतिक्रियाएं देने की क्षमता है, जिन पर इसे प्रशिक्षित किया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अन्य क्षेत्रों में भी भी जैसे कला, लेखन, युद्ध, व्यापार, प्रबंधन, संगीत, फिल्म-निर्माण आदि में भी दखल बढ़ रहा है। एआई सार्वजनिक क्षेत्र में पहले से कहीं ज्यादा है और व्यवसाय में इसकी भूमिका दिनोंदिन बढ़ रही है।

इसी के साथ बौद्धिक सम्पदा के सम्मुख सोशल मीडिया भी एक बड़ी चुनौती है। क्योंकि सोशल मीडिया के दौर में हर कोई दूसरों की रचनात्मकता एवं मौलिक सृजन को अपना बता कर पेश कर रहा है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी बौद्धिक संपदा के लिए जागरूक होना होगा। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ अलग और रचनात्मक एवं मौलिक काम करने की क्षमता होती है। हम अपनी बौद्धिक संपदा को पांच तरीके से संरक्षित कर सकते हैं। इसमें पहला है कॉपीराइट, दूसरा पेटेंट, तीसरा ट्रेडमार्क, चौथा है औद्योगिक डिजाइन और पांचवा है भौगोलिक संकेतक। अगर आप कुछ लिखते हैं, जो आपका मौलिक लेखन है तो आप कॉपीराइट करा सकते हैं। इसके बाद व्यापार के क्षेत्र में होता है ट्रेडमार्क, जो आपका सिंबल होता है, जो किसी संस्था, कंपनी की पहचान के लिए होता है, उसे अगर ट्रेडमार्क करवा सकते हैं तो कोई दूसरा उस सिंबल का उपयोग नहीं कर सकेगा। अगर आपने कोई आविष्कार किया है तो उसे पेटेंट करा कर सुरक्षित रख सकते हैं। इसके बाद आता है औद्योगिक डिजाइन और भौगोलिक संकेतक।

## सम्पादकीय

# पहलगांव हमला, जनता का आक्रोश हुआ तेज

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 से ज्यादा पर्यटकों की हत्या कर दी। कई गंभीर रुप से घायल पर्यटकों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। जिन पर्यटकों का निधन हुआ था उनके शव देश भर के विभिन्न राज्यों में भेजे गए हैं। जहां पर उनका अंतिम संस्कार हो रहा है। घटना के दो से तीन दिन बाद तक मारे गए पर्यटकों का अंतिम संस्कार विभिन्न स्थानों पर हो रहे थे। इस बीच केंद्र सरकार, राज्य सरकार के मंत्री और भाजपा के नेता अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पहुंचे वहां पर जनता का आक्रोश खुलकर देखने को मिला। गुजरात के शैलेश कलथिया की अंत्येष्टि में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एस आर पाटिल पहुंचे थे। वहां पर उन्हें मृतक की पत्नी के गुस्से का सामना करना पड़ा। जिस तरह का आक्रोश उसने दिखाया है, उसको देखते हुए केंद्रीय मंत्री अवाक होकर रह गए। स्थानीय लोगों का गुस्सा इस बात पर भी भड़क गया, कि फोटो खिंचवाने के लिए केंद्रीय मंत्री पहुंच रहे थे, जिसके कारण 15 मिनट तक अर्थी को सड़क पर रखना पड़ा। राजस्थान और हरियाणा में भी जब मुख्यमंत्री मृतकों को श्रद्धांजलि देने अंत्येष्टि में पहुंचे तो वहां पर भी उन्हें काफी आक्रोश का सामना करना पड़ा। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी जी को लोगों के क्रोध का सामना करना पड़ा है। पहलगाम की घटना में विभिन्न राज्यों के पर्यटकों की मौत हुई है। लगभग सभी स्थानों में जनता की ओर से गुस्से में कहा जा रहा कि यह सरकार का फेलियर है। लाखों जवान जम्मू कश्मीर में तैनात है, उसके बाद भी पर्यटक सुरक्षित नहीं हैं। जिस स्थान पर घटना हुई है वहां एक भी सुरक्षा कर्मी और पुलिसकर्मी उपस्थित नहीं थे। गुजरात की शीतल बैन ने यहां तक कह दिया- जनता के टैक्स के पैसे से नेता हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर पर चलते हैं। उनकी सिक्योरिटी में गाड़ियों के काफिले चलते हैं। टैक्स देने वालों की क्या कोई जिंदगी नहीं है। पिछले कई वर्षों से हिंदू-मुसलमान को लेकर भारत में जो शंखनाद हो रहा है। वह चरम पर पहुंचकर अब उसकी गूंज धीरे-धीरे धीमी पड़ती जा रही है। इस बात को भाजपा और संघ को समझना होगा। जहां डबल इंजन की सरकार है उन्हें भी समझना होगा युद्ध के ढोल नगाड़े और शंखनाद कुछ समय के लिए ही प्रभावी साबित होते हैं। यह लोगों में आक्रोश पैदा करते हैं लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता जाता है, उसके बाद इनका कोई महत्व नहीं रह जाता है। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद तथा पहलगाम की जो घटना अभी हाल ही में हुई है, उससे भारतीय जनता पार्टी और डबल इंजन की सरकारों को सबक लेने की जरूरत है। हिंदू-मुसलमान के नाम पर गोदी मीडिया ने एक नेरेटिव चलाने का प्रयास किया था लेकिन देशभर में उसका कोई असर देखने को नहीं मिला। जम्मू-कश्मीर में पहुंच बंद रखा गया। वहां के लोग आतंकवादी घटना के खिलाफ सड़कों पर आ गए। यही स्थिति देश के विभिन्न राज्यों में देखने को मिली। सभी राजनीतिक दलों ने भी इस घटना की निंदा करते हुए घटना को सांप्रदायिक रंग में रंगने नहीं दिया है। देश की जनता ने भी अपनी-अपनी जगह पर घटना का विरोध करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया है। गोदी मीडिया के खिलाफ भी अब लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोगों की यह धारणा बनने लगी है कि गोदी मीडिया तथ्यों को छुपाता है। हिंदू-मुसलमान के बीच अलगाव पैदा करने के लिए संयोजित रूप से नेरेटिव बनाता है। पहलगाम में हुई घटना की जिस तरह से नेशनल मीडिया ने कवरेज की है। उस पर भी जनता ने अपना आक्रोश खुलकर व्यक्त किया है। कुछ महीनों बाद बिहार के चुनाव हैं। जब भी कहीं चुनाव होते हैं उसके पहले इस तरीके की घटनाएं पिछले कई बार देखने को मिली हैं, उसके कारण अब जनता इन पर भरोसा और विश्वास नहीं कर पा रही है। जनता को भी लगने लगा है कि इस तरह की घटनाएं चुनावी रणनीति के तहत जानबूझकर कराई जाती हैं।

## चिंतन-मनन

# चिंतन ही जीवन की सार्थकता

– डॉ संध्या जैन श्रुति

समाज में अनेक विषय है जिन पर आजकल सब चल रहे हैं सभी का अपना नजरिया होता है, अपनी सोच होती है पर हम यदि यह सोचें की जिंदगी मेंअसल आनंद तो सुख और दुख दोनों में है यही तो जीवन के दो पहलू हैं इन पर समान दृष्टि रखकर ही हमें अपनी अच्छी सोच रख सत्कर्म करने चाहिए ,नेकी कर दरिया में डाल अर्थात दूसरे के दुख में खड़े रहना और अपने लिए कभी अपेक्षा न करना ही श्रेयस्कर होता है ।हमें जीवन पथ पर संभाल कर चलना और औरों को संबल देना ही व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाता है आधुनिक दौर में यदि हम सामाजिक सौहार्द का संदेश लेकर समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हैं तो निश्चित ही मन की संप्रेषणीयता सीधे मन से मन तक बात कर सकती है वैसे भी रचनाकार का कर्तव्य होता है कि वह समाज को न केवल जागृत बनाकर रखे बल्कि उसे अपने कर्तव्य बोध के प्रति भी सचेत करें। क्योंकि चिंतनशीलता सामाजिक विसंगतियों और विषमताओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है सहज आत्मीयता, सुकोमल प्रेम ,विश्वास और समर्पण जीवन के ऐसे तत्व हैं जो प्रभाव अवश्य ही डालते हैं और यही जीव जगत का सार है अच्छी सोच और अपनी बात कहने का सुंदर तरीका सदैव आकर्षण का केंद्र होता है लोकहित और सर्वहित की भावना के साथ-साथ जहाँ पर आम आदमी की समस्याओं का और दुख दर्द का वर्णन होता है, साथ ही उनका समाधान भी होता है तो मन की सरल मिठास आल्हादित कर जाती है ।लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में एक और जहाँ राजनीति आम आदमी के जीवन को प्रभावित करती हैं वहीं दूसरी ओर आम आदमी भी राजनीति को प्रभावित करता है सामान्य सी बात है आज लोगों ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार का माध्यम बना लिया है समाज की समृद्धि को भ्रष्टाचार से जितना नुकसान पहुँचा है उतना और किसी ने नहीं पहुँचाया कहते हैं ना सरकारी कार्य में अगर 50त्नका भी सदुपयोग हो जाए तो बहुत बड़ी बात है अत: व्यक्ति कहीं ना कहीं अपने कार्यों से देश और समाज को प्रभावित कर रहा है पहले के समय में ऐसा नहीं था प्रत्येक व्यक्ति का हर छोटे बड़े इंसान के प्रति सम्मान का भाव होता था। गाँव में छोटे बड़ों को आदर देते थे और बड़े छोटों को आशीष देते थे पर हम महानगरों में देखते हैं कि आजकल छोटे बड़ों का भेद समाप्त हो गया है, वह विनय भाव, सम्मान भाव ,सदाचरण बहुत कम नजर आता

है। इसीलिए आज अध्ययन, चिंतन और मनन की आवश्यकता है जब चिंतन होगा तो, प्रकृति और पर्यावरण की भी चिंता होगी ।जल और जंगल की भी चिंता होगी। चिंतन से ही आम आदमी के दुख दर्द और जीवन की कठिनाइयों का विश्लेषण हो पाएगा कहाँ क्या सही हो रहा है और कहाँ क्या गलत हो रहा है इस बात को जान लेना बहुत जरूरी है इन्हीं सब बातों से तो जीवन में मिठास, गरिमा और आनंद का आल्हाद बना रहेगा। वर्तमान में हम देखते हैं की अमीर और अमीर होता जा रहा है और गरीब और गरीब होता जा रहा है इंसानियत, न्याय, ईमानदारी, समर्पण, त्याग जैसे शब्द बोने होते जा रहे हैं वरिष्ठ कवि आचार्य भगवत दुबे जी ने लिखा

बिकता है न्याय ,सस्ता ईमान हो गया
क्रेताओं को सुलभ, अब सम्मान हो गया
मेहनतकशों को रोटी ,होती नहीं मयस्सर
अब जानवर से बद्तर इंसान हो गया।

# पाक को सबक सिखाना एवं आतंकवाद को उखाड़ना होगा

पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने निर्दोष पर्यटकों पर किये गये इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद हुआ। यह हमला पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी भूल एवं अमानवीयता एवं पाशविकता का घिनौना कृत्य बना है। मुनीर ने कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताया लेकिन यही नस अब पाकिस्तान का सर्वनाश करेंगी, उसको कड़वे घुंट पीने को विवश करेगी।

–ललित गर्ग

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर एवं क्रूर आतंकी हमले से सारा देश गम एवं गुस्से में दिख रहा है, वही मोदी सरकार इस बार आर-पार के मूड में दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े और कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान पर शिकंजा कसा है, जिससे वह डरा है, सहमा है, घबराया है। इन पंच शिकंजों में 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, राजनयिक मिशन की संख्या घटाई जाएगी, पाकिस्तानी सैन्य राजनयिकों को एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीज़ा रद्द कर दिया गया है और अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। ये कदम जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति को दर्शाते हैं वहीं पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का एक डिप्लोमैटिक स्ट्राइक है, जबकि भीतर-ही-भीतर किसी बड़ी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाने और भारत की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार से अभी अधिक सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है और आशा की जा रही है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं से भी दो कदम आगे इस बार बदला लेगी। इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निर्दोषों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है?

पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने निर्दोष पर्यटकों पर किये गये इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद हुआ। यह हमला पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी भूल एवं अमानवीयता एवं पाशविकता का घिनौना कृत्य बना है। मुनीर ने कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताया लेकिन यही नस अब पाकिस्तान का सर्वनाश करेंगी, उसको कड़वे घुंट पीने को विवश करेगी। दाने-दाने को तरसता पाकिस्तान अब त्राहि-त्राहि करते हुए तबाही के कगार पर पहुंचेगा। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, अब भारत उसकी नींद ही नहीं, सुख-चैन भी छीन लेगा। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान- यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को चुनौती दे दी है, सीधे-सीधे ललकारा है। मोदी सरकार को सस्ते में लेने की भूल के परिणाम पाकिस्तान पहले भी भुगत चुका है, उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह पहलगाम हत्याकांड में बहा निर्दोषों का रक्त व्यर्थ नहीं जायेगा। जिस तरह श्रीकृष्ण को आसूरी शक्तियों के खिलाफ महाभारत रचना पड़ा, उसी तरह मोदी पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कोई बड़े युद्ध की संरचना करके हमेशा के लिये आतंकवाद का सर्वनाश करे।

पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्ठा है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे। बागों में ट्यूलिप के फूल खिल उठे थे। बर्फ की वादियों में मंद-मंद शीतल हवाओं से चिनार के पेड़ झूमने लगे थे। जो देश एवं दुनिया के असंख्य पर्यटकों को खींच रहे थे। उम्मीदें बंध गई थीं कि एक न एक दिन आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर नई सुबह देखेगा लेकिन बढ़ते पर्यटक और मजबूत होती अर्थव्यवस्था पाक को रास नहीं आई। पहलगाम के भयावह हमले ने एक बार फिर सबको खौफजदा कर दिया।

# अच्छे काम करें भगवान श्री राम साहस देंगें

– संजय गोस्वामी

पुतला का मतलब , कपड़े का बना हुआ पुरुष का आकार या घास फुस से भरा हुआ ढाँचा जो विशेषत: विनोद या क्रीड़ा (खेल) के लिये हो लेकिन भगवान श्री राम विनोद या क्रीड़ा के लिए नहीं है यह एक विश्वास है ईश्वर का जो कभी मिट नहीं सकता क्योंकि वो सत्य है ऐसा बोलना सही नहीं है । दशहरे में देश भर में रावण का पुतला फूंककर लोग बुराई में अच्छाई की जीत का संदेश दे रहे थे। वहीं एक गांव ऐसा था जहां पर लोगों ने श्री राम का पुतला फूंक दिया। यही नहीं इसका वीडियो बनाकर बकायदा वाट्सएप पर भी वायरल कर दिया। फिर जो हुआ वह हैरान कर देने वाला था ।आज का युग में संस्कार नस्ट हो गया है मैं मर सकता हूँ लेकिन प्रभु राम ने जो संस्कार दिए है कभी किसी भी परिस्थिति में इस तरह की बातें नहीं कर सकता ना ही किसी अन्य मजहब में उनकी धार्मिक भावना क़ो ठेस पहुँचाना है ऐ घोर कलयुग है मैं जब 3साल का था तो मुझे हनुमानजी की मूर्ति खरीदने गया और मेले में पिता से अलग हो गया, उस समय मैं 3या 4साल का था भगदड़ हुआ और अलग हो गया फिर खोजने पर नहीं मिले तभी मेरे पास एक मूर्ति पिताजी ने ख़रीदाई थी और जिसमें भगवान राम और हनुमान जी थे और उन्होंने अंदर ही से साहस दिया कि आगे बढ़ो कुछ समझ में नहीं आ रहा था बाद में आगे बढ़ता गया करीब 9बजे रात थी,और आगे आगे बढ़ते गए बस अब 2किलोमीटर का फासला बचा था और जब घर के करीब रोड पर था तभी रात के 10 बज गए और मेरे पिताजी के परिचित ने गोद में बिठाया इधर पिताजी को फिट पर फिट आ रहा था बाद में उन्होंने घर तक पहुंचा दिया और मेरे दादाजी को पिता जी की चिंता होने लगी और उन्होंने मेले में किसी को जाने को कहा और बाद में पिताजी को बताया तब पिता जी घर आएं ताज्जुब करने लगें की कैसे ऐ सब हो गया ऐ तो बहुत पहले की बात है कुछ साल पहले भगवान राम मुझे एक बार नहीं कई बार मौत के मुँह से बाहर निकाले हैं 2002 में मुझे हाई फीवर सीवर टाईफड था 105 -6 बुखार से लतफद था और बर्फ की सिल्ली से भी 101 तक पहुंचता था 1महीने तक ऐसा ही चलता रहा क़ोई भी दवाई सूट नहीं कर रहा था और अंत में इमरजेंसी वार्ड में रख दिया जहाँ पटापट लोग मर रहें थे मुझे क़ोई होश नहीं था बस एक ही इच्छा थी प्रभु के चरणों में स्थान मिले और बेहोशी की हालत में था मेरे माता पिता रो रहें थे अचानक रात में सपने में लगा चन्दन की खुसबू से क़ोई आया है मुझे गोद में लिया है और दूसरे ही दिन डॉ ने अंतिम प्रयास किया और नस में मोनोसेफ का इंजेक्शन दिया और उसके अगले दिन सब ठीक हुआ प्रभु के चरणों में वो शक्ति है कि मौत भी टल जाएगी उस सर्व शक्तिमान ईश्वर को चरण स्पर्श 19अप्रैल 25 को मैं अपने एक रिलेटिव के शादी में गया और आते वक़्त बीच रोड में गड्ढे के करना रिम टेढ़ा होगा संयोग से कुछ हुआ नहीं वल्फ बोर्ड से ज्यादा जरुरी रोड पर गड्ढे पर ध्यान देना रात के अंधेरा में लाइट भी बहुत जगह बन्द है दो दिन पहले खोपोली से आते समय एक बड़े दुर्घटना से बचा भगवान श्री राम की ही कृपा है गाड़ी का कैप खुला बहुत जोड़ की आवाज़ आई और 120के स्पीड में आगे भी चली गई और आज देखा तो मालूम हुई इसलिए मेरे प्रभु मेरे जान से भी बढ़कर हैं। भगवान राम सभी के लिए समान हैँ जैसे पृथ्वी घूमती है और प्रभु केंद्र में है जो हर जगह एक ही दृष्टिकोण से प्रकाशित करते हैँ पृथ्वी घूमने से दिन व रात होता है और हम सभी में ऐज में परिवर्तन होता है लेकिन केंद्र में होने के कारण उनमें क़ोई परिवर्तन नहीं होता है और यही नाम सत्य है अनादि काल तक रहेगा।

## खास बात

### चिराग पासवान आक्रामक मुद्रा में मुख्यमंत्री बन कर रहेंगे

बिहार की राजनीति मौसम की तरह बदल रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री पद पर समय पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हनुमान चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री पद के लिए अपना दावा जाता दिया है। बिहार बीजेपी में भी मुख्यमंत्री का सपना देखने वाले कई नेता हैं। जद नेता ललन सिंह भी तैयारी कर रहे हैं। भाजपा के सम्राट चौधरी भी मुख्यमंत्री पद पर दावा जाता रहे हैं। भाजपा के आधा दर्जन नेता इस दौड़ में शामिल हैं। इंडिया गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद की दौड़ में तेजस्वी के नाम पर सहमति दिख रही है। बिहार में इस बार युवा मुख्यमंत्री बनेगा। इसकी विसात बिछा दी गई है। प्रशांत किशोर ने चिराग पासवान को आईने में उतार लिया है।

### पहले अंडा या पहले मुर्गी, संविधान बड़ा या संसद?

इन दिनों संविधान बड़ा है,या संसद बड़ी है। इसको लेकर देश में सरकार ने कोहराम मचा रखा है ।संविधान नहीं होता तो संसद भी नहीं होती। संविधान नहीं होता तो राष्ट्रपति भी नहीं होता। संविधान से विधायिका है। संविधान से कार्यपालिका है। संविधान से ही न्यायपालिका है। संविधान ने न्याय पालिका को सबसे ऊपर रखा है। कर्ता के रूप में विधायिका और कार्यपालिका है। यदि यह अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन नहीं करें, तो इनके ऊपर न्यायपालिका का अंकुश है। अंकुश नहीं होगा तो विधाययिका और कार्यपालिका दोनों ही बेलगाम हो जाएंगे। संविधान ने इन दोनों पर लगाम लगाकर उनके सीधे चलने की जिम्मेदारी न्यायपालिका को विशेष अधिकारों के साथ दी है। न्याय पालिका बेलगाम हो,तो संविधान ने उसका भी इंतजाम किया है ।इसे तथ्य को सभी को समझना होगा। हाथी के ऊपर बैठा महावत हाथी नहीं हो सकता है। महावत अंकुश से हाथी को जरुर नियंत्रित कर सकता है। संविधान ने न्यायपालिका को महावत के रूप में रखा है।

### मोदी और बेंस के बीच की गुफ्तगू,चीन को पसंद नहीं

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी बेंस भारत की यात्रा पर थे। उनके साथ उनका परिवार भी था। भारतीय मूल की पत्नी के साथ वह अपनी ससुराल आए थे ।बेंस के ससुराल प्रेम से चीन सावधान हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी और बेंस के बीच व्यापार को लेकर चर्चा हुई ।अमेरिका भारत से अपना व्यापार बढ़ाना चाहता है ।चीन अपना व्यापार भारत के साथ किसी भी कीमत पर कम करने के लिए तैयार नहीं है। वह भी उस स्थिति में जब अमेरिका सोत बनकर चीन को परेशान कर रहा है। चीन ने तुरंत भारत को धमकी दे दी। यदि चीन के हितों में विपरीत असर पड़ा तो इसका खामियाजा भारत को भुगतना पड़ेगा।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि चर्तुदर्शी, शनिवासरे, रेवती नक्षत्रे, तैतिल/विव योगे, विव करणे, मीन की चंद्रमा, भद्रा 25/30, चर्तुदर्शी व्रत, पंचक समाप्त रात्रि 2/16, तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, उद्यमी, जिद्दी-हठी, सैनिक, सेना नायक, दस्ता नायक, बुद्धिमान, शील स्वभाव वाला होगा।

**मेष राशि:** राजक्षय, कष्ट, व्यापार बाधा, शुभ समाचार, प्रसन्नता के योग बनें, मित्र सहयोग करेंगे।

**वृष राशि :** शुभ समय किन्तु भय होगा, स्वजन सुख लाभदायक होगा, दाम्पत्य जीवन में असमंजस बना ही रहेगा।

**मिथुन राशि :** वाहन भय, मातृ-पितृ कष्ट, हानि, व्यर्थ, अनाप-शनाप खर्च से परेशानी अवश्य ही होगी।

**कर्क राशि :** सफलता, उन्नति, शुभ कार्य, विवाद, उद्योग, व्यापार में उलटफेर की स्थिति बनेगी।

**सिंह राशि :** शरीर कष्ट, उत्तम व्यय, सफलता, व्यवस्था में बाधा, व्यवधान, साधारण लाभ होगा।

**कन्या राशि :** खर्च, विवाद, स्त्री-कष्ट, विद्या लाभ, कुछ अच्छे कार्य होंगे, संतान प्राप्ति के योग।

**तुला राशि :** यात्रा में हानि, राजभय, लाभ, शरीर कष्ट, व्यापार में सुधार, प्रगति की संभावना है।

**वृश्चिक राशि :** यात्रा लाभ, संपत्ति लाभ, कारोबार में उबाल तथा कार्यवृत्ति उत्तम बनेगी।

**धनु राशि :** अल्प लाभ, शरीर कष्ट, चोटादि का भय, शिक्षा से विशेष लाभ होगा।

**मकर राशि :** शत्रु हानि पहुंचायेंगे, अपयश, शरीरिक सुख, समय अच्छा उद्योग-व्यापार के लिये प्रयास करें।


**कुंभ राशि :** व्यय, संतान-सुख, कार्य सफलता, मित्र प्रगतिदायक रहें, संतोष कार्य अवश्य ही बनेंगे।

**मीन राशि :** पदोन्नति, राजभय, न्याय लाभ, हानि किन्तु जीवन संतोषप्रद बना ही रहेगा।

पीएल गौतमाचार्य

## दैनिक पंचांग

**26 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | मेष में |
| चंद्र | मीन में |
| मंगल | कर्क में |
| बुध | मीन में |
| गुरु | वृष में |
| शुक्र | मीन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| वृष | 06.37 बजे से |
| मिथुन | 08.35 बजे से |
| कर्क | 10.48 बजे से |
| सिंह | 13.04 बजे से |
| कन्या | 15.16 बजे से |
| तुला | 17.27 बजे से |
| वृश्चिक | 19.42 ब.से |
| धनु | 21.58 बजे से |
| मकर | 00.03 बजे से |
| कुंभ | 01.49 बजे से |
| मीन | 03.22 बजे से |
| मेष | 04.53 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 116 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 08.28 बजे तदनन्तर चतुर्दशी 04.50 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 06.27 बजे तदनन्तर रेवती 03.39 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वैधृति 08.41 बजे तदनन्तर विष्कुम्भ 04.35 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** वणिज 08.28 बजे, विष्टि 18.41 बजे तदनन्तर शकुनि 04.50 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 32' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872326 **जूलियन दिन** 2460791.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 27

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore




# बॉडी नहीं बनाती ओमेगा-3, शाकाहारी लोगों के लिए बहुत जरूरी हैं ये बीज

**ओमेगा 3 एक जरूरी फैटी एसिड है, जिसे शरीर नहीं बना पाता है। इसलिए इसकी कमी का खतरा काफी ज्यादा होता है। जिससे बचने के लिए इन फूड्स का सेवन करना चाहिए।**

शरीर को कई तरह के फैट की जरूरत होती है ताकि शरीर का काम सही चलता रहे। मगर ओमेगा-3 फैटी एसिड को बॉडी खुद नहीं बना पाती है और उसे फूड्स पर निर्भर रहना पड़ता है। वरना शरीर में इसकी भारी कमी हो सकती है।
सेल्स के फंक्शन के लिए यह न्यूट्रिएंट बहुत जरूरी होता है। शरीर में ओमेगा-3 की कमी से कई सारी दिक्कतें होने लगती हैं। जिनके बारे में न्यूट्रिशनिस्ट किरण कुकरेजा ने जानकारी दी है। एक्सपर्ट ने इसे पाने के लिए कुछ फूड्स खाने की सलाह भी दी है।

## ओमेगा-3 की कमी से झेलनी होगी ये दिक्कतें

### ड्राई स्किन, हेयर और आई



हेल्दी स्किन और हेयर के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड बहुत जरूरी है। वहीं, आंखों की नमी और रेटिना में इसका हाई कंसंट्रेशन होता है। इसलिए इसकी डेफिशिएंसी त्वचा, बाल और आंखों में रूखापन कर सकती है।

### नाखून हो जाएंगे कमजोर

नाखूनों की सेल्स को जोड़े रखने के लिए भी यह फैट जरूरी होता है। इसके कम होने पर सेल्स मेंब्रेन ढीले और कमजोर होने लगते हैं। जिससे नाखून कमजोर और नाजुक हो जाते हैं।

### बीमारियों का घर बनेगा दिल



ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी से दिल बीमारियों का घर बन सकता है। क्योंकि, यह कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। जो कि नसों को सिकोड़ने और डैमेज करके दिल की बीमारियों का प्रमुख कारण बनती हैं।

## शाकाहारी लोगों के लिए ओमेगा-3 फूड

शाकाहारी लोग इसे पाने के लिए अलसी के बीज, चिया सीड्स और अखरोट का सेवन कर सकते हैं। इनमें इसका प्रकार अल्फा लिनोलेनिक एसिड (एएलए) प्रचुर मात्रा में होता है। साथ में फोर्टिफाइड दूध, योगर्ट आदि का सेवन भी कर सकते हैं।

## ओमेगा-3 के नॉन वेजिटेरियन फूड

मछलियों में ओमेगा-3 फैट काफी होता है। इसके लिए सैल्मन, मैक्रेल, टूना, सार्डिन आदि फैटी फिश का सेवन कर सकते हैं।



# गर्मी के मौसम में मसाज के फायदे

गर्मियों का मौसम आ चुका है। इस मौसम में बाहर निकलने पर बढ़ती धूप और गर्म हवा आपको परेशान कर देती है। इसके अलावा रोज की भागदौड़ भरी दिनचर्या लोगों को थका देती है। इसके बाद शरीर पर थकान हावी हो जाती है। इसके बाद कुछ भी करने का मन नही करता है। यदि आपको इस मौसम में तरोताजा रहना है तो मसाज एक अच्छा उपाय हो सकता है। मसाज लेने के बाद आप एक बार फिर से तन और मन से ताजगी महसूस करने लगते हैं।

## मसाज के फायदे

- मसाज से मांसपेशियो की सिकुड़ने और फैलने की क्षमता में बढ़ोत्तरी होती है। इसके अलावा मेटाबॉलिजम का कार्य सही से होने लगता है।
- मसाज से ब्लड सर्कुलेशन सुचारु रूप से काम करता है।
- मसाज करने से नींद अच्छी आती है। जिसके चलते आंखों की रोशनी बढ़ती है। और स्किन चमकदार बन जाती है।
- मसाज करने के दौरान लंबी-लंबी सांसें लेने से शरीर के अंदर मौजूद कई विकार बाहर निकल जाते हैं। इसके बाद शरीर में स्फूर्ति आ जाती है।
- मसाज रोज करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।
- मसाज से रंग में निखार आता है और स्किन चमकदार बन जाती है।
- मसाज से मस्तिष्क में तरावट एवं मानसिक शक्ति का अनुभव होता है।
- मसाज के बाद स्किन के छिद्रों में तेल भरे रहने से जीवाणुओं शरीर के अंदर जाने का खतरा नहीं रहता है।

## इनकी भी होती है मसाज

- माथे की मसाज
- गालों की मालिश
- ठुड्डी की मसाज
- गर्दन की मसाज




# गर्मियों में खाएं ये चीजें चिलचिलाती गर्मी में भी शरीर रहेगा ठंडा

**गर्मियों में तेज धूप, पसीना, गर्म हवाओं की वजह से शरीर में पानी की कमी यानी शरीर में डिहाइड्रेशन पैदा कर सकती है। इस मौसम में शरीर से सारे इलेक्ट्रोलाइट्स निकलने का खतरा होता है।**

भारत में गर्मियों का मौसम जारी है और कई जगहों पर पारा 40 डिग्री को भी पार कर गया है। गर्मी की वजह से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। भाषण गर्मी में पंखा और कूलर भी साथ नहीं दे रहे हैं। अगले कुछ हफ्तों में गर्मी का सितम और बढ़ेगा और ऐसा वक्त आ जाएगा जब एसी भी काम नहीं करेगी। जाहिर है गर्मी का शरीर पर सबसे ज्यादा बुरा प्रभाव पड़ता है।
गर्मियों में तेज धूप, पसीना, गर्म हवाओं की वजह से शरीर में पानी की कमी यानी शरीर में डिहाइड्रेशन पैदा कर सकती है। इस मौसम में शरीर से सारे इलेक्ट्रोलाइट्स निकलने का खतरा होता है। लंबे समय तक डिहाइड्रेशन की वजह से चक्कर आना, सिरदर्द, ऊर्जा की कमी, भ्रम और यहां तक कि बेहोशी जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। डाइट एक्सप्रेशन की फाउंडर और न्यूट्रिशनिस्ट पारुल के अनुसार, गर्मियों में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए सिर्फ पानी काफी नहीं है। आपके खाने में कार्ब्स, विटामिन और मिनरल वाली चीजें भी उतनी ही जरूरी हैं। कुछ चीजें हैं जिनका गर्मियों में सेवन करने से शरीर को ठंडा रखा जा सकता है और किसी भी तरह की समस्या से बचा जा सकता है।

## केला और अवोकेडो

इन दोनों फलों में कार्ब्स की मात्रा अधिक होती है। इसके अलाव यह फाइबर के अच्छे स्रोत हैं। यह दोनों इलेक्ट्रोलाइट का लेवल बनाए रखते हैं। इन दोनों का शरीर पर ठंडा प्रभाव पड़ता है।

## लौकी परिवार की सब्जियां

गर्मियों के दिनों शरीर को ठंडा रखने के लिए आपको लौकी परिवार की सब्जियां जैसे लौकी, कद्दू, करेला, तुरई आदि का खूब सेवन करना चाहिए। इनमें पानी की मात्रा होने के साथ सभी जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं।

## साब्जा सीडस

इन छोटे-छोटे बीजों में फाइबर और प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा यह ओमेगा-3 फैटी एसिड, पोटैशियम, विटामिन सी आदि का भी भंडार है। यह तत्व गर्मी को कम करते हैं और पेट को ठंडा रखते हैं।

## खट्टे फल

जूस वाले खट्टे फल जैसे संतरे, नींबू, कीनू और मौसंबी आदि में जरूरी पोषक तव जैसे विटामिन ए, बी और सी पाया जाता है। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट का लेवल बनाए रखते हैं।

## दही

घर की बनी दही पोषक तत्वों का खजाना है और यह पेट के लिए एक नेचुरल प्रोबायोटिक है, जो शरीर को ठंडा रख सकती है। आप खाने में दही या इसका रायता बनाकर इस्तेमाल करें।





# स्वाद के साथ सेहत की खान है आम

**स्वाद के साथ फायदों की खान है आम। जी हां, आम को फलों का राजा माना जाता है। गर्मियां तो बिना आम के सेवन अधूरी है। आप कोई भी फल खा लें लेकिन आम को अपनी फ्रूट बास्केट में शामिल करना न भूलें। स्वाद के साथ आम खाने के कई फायदे हैं।**

## कैंसर से बचाव

आम में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट कोलोन कैंसर, ल्यूकेमिया और प्रोस्टेट कैंसर से बचाव में फायदेमंद है। इसमें क्यूर्सेटिन, एस्ट्रागालिन और फिसेटिन जैसे ऐसे कई तत्व होते हैं जो कैंसर से बचाव करने में मददगार होते हैं।

## कोलेस्ट्रॉल नियमित रखने में

आम में फाइबर और विटामिन सी खूब होता है। इससे बैड कोलेस्ट्रॉल संतुलन बनाने में मदद मिलती है।

## पाचन क्रिया को ठीक रखने में

आम में ऐसे कई एंजाइम्स होते हैं जो प्रोटीन को तोड़ने का काम करते हैं। इससे भोजन जल्दी पच जाता है। साथ ही इसमें उपस्थित साइटिक एसिड, टरटैरिक एसिड शरीर के भीतर क्षारीय तत्वों को संतुलित बनाए रखता है।

## स्मरण शक्ति में मददगार

जिन लोगों को भूलने की बीमारी हो उन्हें आम का सेवन करना चाहिए। इसमें पाया जाने वाला ग्लूटामिन एसिड नामक एक तत्व स्मरण शक्ति को बढ़ाने में उत्प्रेरक की तरह काम करता है। साथ ही इससे रक्त कोशिकाएं भी सक्रिय होती हैं। इसीलिए गर्भवती महिलाओं को आम खाने की सलाह दी जाती है।

## त्वचा के लिए है फायदेमंद


आम के गुदे का पैक लगाने या फिर उसे चेहरे पर मलने से चेहरे पर निखार आता है और विटामिन सी संक्रमण से भी बचाव करता है।

## मोटापा कम करने में

मोटापा कम करने के लिए भी आम एक अच्छा उपाय है। आम की गुठली में मौजूद रेशे शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। आम खाने के बाद भूख कम लगती है, जिससे ओवर ईटिंग का खतरा कम हो जाता है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में

आम खाने से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता में भी इजाफा होता है।




**आजकल सिर्फ व्यस्क ही नहीं बल्कि युवाओं को भी इसका सामना करना पड़ रहा है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि खराब खानपान और सुस्त जीवनशैली इसका सबसे बड़ा कारण है। कुछ खाद्य पदार्थ खून की नसों में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने का काम करते हैं। इनमें गर्मियों में मिलने वाले कुछ फल भी शामिल हैं।**


# खून की नसों में चिपके जिद्दी कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकाल देंगे गर्मियों के ये 5 फल

कोलेस्ट्रॉल बढ़ना आजकल की एक गंभीर और आम समस्या बन गई है। आजकल सिर्फ व्यस्क ही नही बल्कि युवाओं को भी इसका सामना करना पड़ रहा है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि खराब खानपान और सुस्त जीवनशैली इसका सबसे बड़ा कारण हैं। यह कोई आम समस्या नही है और इससे दिल से जुड़े रोगों, स्ट्रोक यानी दिमाग का दौरा और हार्ट अटैक जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारियों का खतरा है। कोलेस्ट्रॉल शरीर की हर कोशिका में पाया जाता है। यह शरीर के लिए जरूरी भी है लेकिन वो अच्छा कोलेस्ट्रॉल होता है। अच्छा कोलेस्ट्रॉल खाद्य पदार्थों का पाचन, हार्मोन का उत्पादन और अन्य कई काम करता है। यह सभी कचरे और विषाक्त पदार्थों को वापस लीवर में पहुंचाता है। लेकिन एक खराब कोलेस्ट्रॉल भी है, जो धमनियों की दीवारों पर पट्टिका की एक परत बनाता है, जिससे रक्त का प्रवाह मुश्किल हो जाता है, जो आगे चलकर हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज और स्ट्रोक का कारण बन सकता है।
कुछ खाद्य पदार्थ खून की नसों में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने का काम करते हैं। इनमें गर्मियों में मिलने वाले कुछ फल भी शामिल हैं। चूंकि गर्मियों का मौसम जारी है, तो ऐसे में आपको इन सस्ते फलों का खून सेवन करना चाहिए जिससे शरीर से यह गंदा पदार्थ बाहर निकल सके और आपका ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बना रहे।

## पपीता

फाइबर से भरपूर पपीता हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। यह खराब कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी कंट्रोल करता है। फाइबर पाचन को बेहतर बनाने में सहायक है और यह आंतों की भी सफाई करता है।

## अंगूर




एनसीबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, अंगूर फाइबर का एक बेहतर स्रोत है। इस तरह अंगूर का नियमित सेवन कोलेस्ट्रॉल लेवल को नैचुरली कम करने में मदद करता है। अंगूर वजन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है, जिसे ह्रदय रोगों के पीछे एक और कारण बताया जाता है।

## खट्टे फल

गर्मियों में सभी तरह के खट्टे फल खाना दिल से जुड़ी बीमारियों को दूर करने में फायदेमंद साबित हो सकते हैं। आप अपने खाने में नींबू और संतरे जैसे खट्टे फल शामिल कर सकते हैं क्योंकि यह विटामिन सी से भरे होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को भी बढ़ाते हैं।

## सेब



सेब एक ऐसा फल है, जो सिर्फ कोलेस्ट्रॉल ही नही बल्कि शरीर में जमा अन्य गंदे पदार्थों को भी कम कर सकता है, सभी ह्रदय रोगियों को अपने खाने में सेब को शामिल करना चाहिए क्योंकि यह कोलेस्ट्रॉल लेवल को नैचुरली कम करने में मदद करता है। सेब में फाइबर पेक्टिन की मौजूदगी कोलेस्ट्रॉल लाल को कम करने में मदद करती है।

## स्ट्रॉबेरी

एनसीबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, मानव शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने के लिए स्ट्रॉबेरी एक बेहतर फ्रूट है। यह एंटीऑक्सिडेंट का बेहतर स्रोत है, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके अलावा यह विटामिन का भंडार है और इसमें कैलोरी बहुत कम होती है।



# बच्चों को सिखाएं हेल्दी फूड हैबिट

बच्चों के बड़े होने पर उन्हें पोषण देने के लिए जरूरी है कि बचपन से ही उन्हें अच्छा पोषण दिया जाए। लेकिन उसके लिए सही शुरुआत करें और स्वस्थ खाना सिखाएं। बच्चे इन स्वस्थ आदतों को खुद अनुभव करके और दूसरों को देखकर सीखते हैं। बच्चों को अच्छी खाने की आदतें सिखाना शुरू करना कभी भी जल्दी नहीं होता है। इसके लिए आप नीचे दिए टिप्स भी अपना सकते हैं जिससे बच्चे सही समय पर स्वस्थ खाना सीखें जो उन्हें बड़े होने तक फायदा पहुंचाएगा।

## सभी साथ बैठकर खाएं

एक परिवार के रूप में एक साथ खाना खानाज जरूरी है। बच्चों को सिखाएं कि सभी साथ बैठें। इससे बच्चों के सामने आप हर तरह की सब्जियां खाकर दिखाएंगे तो वो भी आपसे सीखेंगे। साथ ही उन्हें लोगों के सामने व्यवहार करना भी आएगा। इससे एक फायदा होगा कि बच्चा खाना खाते समय फोन या टीवी भी नही देखेगा।

## बच्चों को चुनने दें

जरूरी नहीं जो हम खा रहे हों वो सभी चीजे बच्चे खाएं। बच्चों के लिए अलग से खाना न बनाएं लेकिन जो आप बना रहे हैं या बड़े खा रहे हैं वो सभी चीज बच्चों को जबरदस्ती न खिलाएं। बच्चों को खुद चुनने दें कि वो इन सबमें से क्या खाना चाहते हैं।

## अपनी कोशिश जारी रखें

बच्चों को हेल्दी फूड हैबिट सिखाने में समय लग सकता है। ऐसे में अपनी कोशिश न छोड़ें। शुरुआत में बच्चे नखरे करेंगे लेकिन आपकी कोशिश जारी रही तो बच्चों की आदत भी बदलेगी। कभी-कभी बच्चों को यह चुनने दें कि खाने में क्या सब्जी बननी चाहिए। साथ ही उन्हें उसे बनाने में मदद के लिए कहें।

## लालच देकर न खिलाएं

बच्चों को लालच देकर खाना खत्म करने को न कहें। बच्चों को डेजर्ट के लालच में खाना खाने को न कहें। कई माता-पिता इस बात पर जोर देते हैं कि अगर बच्चे पूरा खाना खाएंगे तो उन्हें मिठाई मिलेगी। ऐसा न करें। उन्हें भूख के अनुसार खाना सिखाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज में कार्लसन की गैरमौजूदगी में प्रज्ञा खिताब के प्रबल दावेदार

**नई दिल्ली।** ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट शनिवार से शुरू हो रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में इस बार नॉर्वे के स्टार खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन हिस्सा नहीं ले रहे हैं, जिससे भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद खिताब के सबसे बड़े दावेदारों में शुमार हो गए हैं। इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से आर. प्रज्ञानानंद और अरविंद चिथंबरम भाग ले रहे हैं। कार्लसन की गैरमौजूदगी ने मुकाबले को पूरी तरह खुला बना दिया है और ऐसे में प्रज्ञानानंद की तेजी से खेले जाने वाले फॉर्मेट में सटीकता उन्हें बेहद खतरनाक खिलाड़ी बनाती है। उन्होंने इस साल टाटा स्टील मास्टर्स में विश्व चैंपियन डी. गुकेश को हराकर खिताब जीता था, जिससे उनके आत्मविश्वास में जबरदस्त इजाफा हुआ है। अरविंद चिथंबरम ने प्राग मास्टर्स में शानदार प्रदर्शन कर यह वाइल्ड कार्ड एंट्री हासिल की है। यह टूर्नामेंट उनके लिए बड़ी परीक्षा की तरह होगा, जहां उन्हें विश्व स्तरीय खिलाड़ियों का सामना करना है। फ्रांस के अलीरेजा फिरूज़जा को भी खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

### मैड्रिड ओपन से हटे कार्लोस अल्कराज, चोट बनी वजह

**मैड्रिड।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने मेड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। पैर की चोट के कारण वे टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। मैड्रिड में उनका मुकाबला शनिवार को होना था। अल्कराज ने बताया कि उन्हें ऊपरी पैर में पहले से चोट थी, जो उन्हें बीते रविवार को बार्सिलोना ओपन के फाइनल के दौरान भी परेशान कर रही थी। इसके अलावा, अब उनके बाएं पैर में भी चोट है। उन्होंने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही उन्होंने खेलने से इनकार करने का फैसला लिया। अल्कराज ने 2022 और 2023 में मैड्रिड ओपन का खिताब जीता था। इस बार वे टूर्नामेंट के दूसरे वरीय खिलाड़ी थे और उनका ड्रा नोवाक जोकोविच के साथ एक ही हाफ में था। बार्सिलोना फाइनल में होल्गर रून से हार के दौरान उन्हें ट्रीटमेंट लेना पड़ा था। अल्कराज ने कहा कि उनकी ये चोट फ्रेंच ओपन में खेलने में बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने पिछले साल रोलां गैरो (फ्रेंच ओपन) में अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को हराकर खिताब जीता था। इस बार भी वे खिताब बचाने उतरेंगे। ज़्वेरेव ने हाल ही में म्यूनिख ओपन जीतकर अल्कराज को पीछे छोड़ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अल्कराज ने इस साल अब तक 24 मुकाबलों में जीत और केवल 5 में हार दर्ज की है। उन्होंने फरवरी में रॉटरडैम (हार्ड कोर्ट) और अप्रैल में मोंटे कार्लो (क्ले कोर्ट) पर खिताब जीता है। हालांकि, हालिया कार्यक्रम को लेकर उन्होंने थकान की शिकायत भी की थी।

आईपीएल 2025 : 42वां मुकाबला

# आरसीबी की सीजन की पहली जीत राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से हराया

**बेंगलुरु ■ एजेंसी**




आईपीएल 2025 के 42वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने घरेलू मैदान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम पर शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को 11 रनों से शिकस्त दी। यह जीत आरसीबी की इस सत्र में अपने होम ग्राउंड पर पहली है और इसके साथ ही टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की टीम ने 5 विकेट पर 205 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ओपनर्स फिल सॉल्ट (26) और विराट कोहली (70) ने तेज शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। कोहली ने अपनी 70 रनों की शानदार पारी में 8 चौके और 2 छक्के लगाए। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल (50 रन) ने विराट के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 105 रनों की अहम साझेदारी की।

अंत में टिम डेविड (23 रन, 15 गेंद) और जितेश शर्मा (नाबाद 20 रन, 10 गेंद) की तेज पारियों ने स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। राजस्थान की ओर से संदीप शर्मा ने दो विकेट, जबकि हसरंगा और जोफ्रा आर्चर ने एक-एक विकेट लिया। 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी रही। यशस्वी जायसवाल (49 रन, 19 गेंद) ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की, लेकिन उन्हें जॉश हेजलवुड ने आउट कर दिया। इसके बाद लगातार विकेट गिरते गए। रियान पराग (22 रन), नीतीश राणा (28 रन) और हेटमायर (11 रन) पिच पर टिक नहीं सके। हालांकि ध्रुव जुरेल (47 रन) ने अंत तक संघर्ष किया, लेकिन जोश हेजलवुड के शानदार 19वें ओवर ने मैच का रुख पूरी तरह आरसीबी की ओर मोड़ दिया।

राजस्थान की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट पर 194 रन ही बना सकी और मैच 11 रन से हार गई। आरसीबी के लिए जॉश हेजलवुड ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए और क्रुणाल पंड्या ने 2 विकेट झटके। भुवनेश्वर कुमार को एक सफलता मिली। इस जीत के साथ आरसीबी के 12 अंक हो गए हैं, और अब वो गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के साथ शीर्ष तीन में शामिल हो गई है।

## बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़ेंगे खालसा और श्याम लाल कॉलेज



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज की मेजबानी में चल रहे पीएसपीबी चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में अब मुकाबले रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुके हैं। पुरुष हॉकी वर्ग के दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद अब फाइनल में मेज़बान खालसा कॉलेज और श्याम लाल कॉलेज आमने-सामने होंगे। महिला हॉकी और बास्केटबॉल के फाइनलिस्ट भी तय हो चुके हैं।

पुरुष हॉकी के पहले सेमीफाइनल में एसजीटीबी खालसा कॉलेज ने खालसा कॉलेज एलुमनी को 3-1 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। खालसा की ओर से तनुज ने 2 गोल किए, जबकि एक गोल हर्ष तेवतिया के नाम रहा। एलुमनी के लिए विक्की ने एकमात्र गोल किया। शानदार प्रदर्शन के लिए तनुज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में श्याम लाल कॉलेज ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज को 6-1 से रौंद दिया। नवीन ने 2 गोल दागे जबकि आशीष, प्रियांशु, यश और आशीष सहरावत ने एक-एक गोल करके टीम को शानदार जीत दिलाई।

शुभम ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट के लिए एकमात्र गोल किया। नवीन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' अवॉर्ड से नवाजा गया। महिला वर्ग के फाइनल में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज का मुकाबला दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमिनी से होगा। टूर्नामेंट के इस अहम मुकाबले को लेकर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। महिला बास्केटबॉल के पहले सेमीफाइनल में रामजस कॉलेज ने गार्गी कॉलेज को हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में लेडी श्रीराम कॉलेज ने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को 68-49 से हराया।

# एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित, नीरज चोपड़ा नहीं लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भाला फेंक में मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा दक्षिण कोरिया के गुमी में 27 से 31 मई तक होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग नहीं लेंगे। कोच्चि में फेडरेशन कप के समापन के बाद शुक्रवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा घोषित टीम में टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज का नाम नहीं था। नीरज 24 मई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे।

**भारतीय पुरुष टीम-**

200 मीटर - अनिमेष कुजूर, 800 मीटर- अनु कुमार, कृष्ण कुमार, 1500 मीटर- यूनुस शाह, 3000 मीटर स्टीपलचेज़- अविनाश साबले, 5000 मीटर- गुलवीर सिंह, अभिषेक पाल, 10,000 मीटर- गुलवीर सिंह, सावन बरवाल, ट्रिपल जंप- प्रवीण चित्रवेल, अब्दुल्ला अबूबकर, ऊंची कूद- सर्वेश कुशारे, भाला फेंक- सचिन यादव, यश वीर सिंह, शॉट पुट- समरदीप सिंह, डेकाथलॉन- तेजस्विन शंकर, 20 किमी रेस वॉक- सर्विन सेबेस्टियन, अमित, 4×100 मीटर- प्रणव प्रमोद, अनिमेष कुजूर, मणिकांता होबलीधर, अमलान बोरगोहेन, तमिलरासु, रागुल कुमार, गुरिंदरवीर सिंह, 4×400 मीटर- विशाल टीके, जय कुमार, मनु टीएस, धर्मवीर चौधरी, रिंस जोसेफ, तुषार कांति, संतोष कुमार, मोहित कुमार।

**भारतीय महिला टीम**

200मी- नित्या गंधे, 400 मीटर- रूपल चौधरी, विथ्या रामराज, 800 मीटर- ट्विंकल चौधरी, पूजा, 1500 मीटर- लिली दास, पूजा, 3000 मीटर स्टीपलचेज़- पारुल चौधरी, अंकिता, 5000 मीटर- संजीवनी बाबूराव, पारुल चौधरी, 10000 मीटर- संजीवनी बाबूराव, सीमा, 100 मीटर बाधा दौड़- ज्योति याराजी, 400 मीटर बाधा दौड़- विथ्या रामराज, अनु आर, लंबी कूद- शैली सिंह, एंसी सोजन, हेप्टाथलॉन- नंदिनी अगासरा, 4×100 मीटर- नित्या गंधे, अभिनय राजराजन, स्नेहा एस, सरबानी नंदा, दानेश्वरी, वी सुदीक्षा, 4×400 मीटर- रूपल, स्नेहा के, सुभा वेंकटेशन, जिस्ना मैथ्यू, कुंजा राजिथा, सैंड्रामोल साबू।

## व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में पहली बार ईवी की बिक्री 20 लाख यूनिट के पार

**नई दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) की बिक्री पहली बार 20 लाख यूनिट के पार पहुंच गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस वित्त वर्ष के दौरान देश में कुल 20,26,184 यूनिट इलेक्ट्रिक वाहन बिके, जो सालाना आधार पर 15.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है। इस उपलब्धि में सबसे बड़ा योगदान इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स का रहा, जिनकी कुल 12,03,223 यूनिट्स बिकीं। ईवी सेगमेंट में इनकी हिस्सेदारी 59.38 प्रतिशत रही। टू-व्हीलर बिक्री में 18.76 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई। ओला इलेक्ट्रिक ने इस सेगमेंट में अपना दबदबा कायम रखते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि टीवीएस मोटर और बजाज ऑटो भी प्रमुख कंपनियों में शामिल रहीं। इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स बिक्री के मामले में दूसरे नंबर पर रहे। इस वर्ग में कुल 7,02,799 यूनिट्स बिकीं, जो ईवी मार्केट में 34.68 प्रतिशत की हिस्सेदारी को दर्शाता है। थ्री-व्हीलर बिक्री में 9.63 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई, और महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी ने इस श्रेणी में लीड किया। वहीं, इलेक्ट्रिक कारों की बात करें तो भारत में कुल 1,10,748 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की गई, जिसकी हिस्सेदारी ईवी मार्केट में 4.57 प्रतिशत रही। टाटा मोटर्स ने 53.10 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ इस सेगमेंट में अग्रणी स्थान पाया, जबकि एमजी मोटर्स दूसरे नंबर पर रही।

### ईएसआई योजना के तहत फरवरी में जोड़े गए 15.43 लाख नए कर्मचारी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) योजना के तहत फरवरी में कुल 15.43 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं। इसके अलावा फरवरी, 2025 में 23,526 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि ईएसआईसी की जारी अनंतिम पेरोल आंकड़ों के मुताबिक फरवरी, 2025 में 15.43 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं। मुताबिक फरवरी, 2025 के महीने में 23,526 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है, जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। आंकड़ों के मुताबिक फरवरी माह के दौरान ईएसआईसी योजना के तहत जोड़े गए कुल 15.43 लाख कर्मचारियों में से 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के 7.36 लाख कर्मचारी, जो कुल पंजीकरण का लगभग 47.7 फीसदी हैं। पेरोल आंकड़ों का लिंग-वार विश्लेषण यह दर्शाता है कि फरवरी, 2025 में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 3.35 लाख रहा है। इसके अलावा फरवरी, 2025 में ईएसआई योजना के तहत कुल 74 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी पंजीकरण कराया है, जो समाज के हर वर्ग को अपने लाभ पहुंचाने की कर्मचारी राज्य बीमा निगम की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2025 तक ईएसआईसी के कुल सदस्य 2.97 करोड़ हैं, जो फरवरी 2024 में 2.91 करोड़ सदस्य से अधिक हैं।

# आर्थिक विकास में आईआरएस अफसरों की महत्वपूर्ण भूमिका है : पंकज चौधरी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के पालसमुद्रम् स्थित राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नार्कोटिक्स अकादमी में 25 पुरुष और 17 महिला अधिकारियों सहित 42 भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) अधिकारी प्रशिक्षुओं के 75वें बैच की पासिंग आउट परेड की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने आईआरएस अधिकारियों की भूमिका को अहम बताया। चौधरी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी ईमानदारी, निष्ठा और दक्षता के साथ राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और राजस्व प्रणाली को सशक्त बनाएंगे।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस अवसर पर वित्त राज्यमंत्री चौधरी ने बैच की उपलब्धियों की सराहना की और पारदर्शी तथा जवाबदेह कर प्रणाली के निर्माण में उनकी जिम्मेदारी पर जोर दिया। चौधरी ने आर्थिक विकास में आईआरएस अधिकारियों की भूमिका को रेखांकित किया और उनसे साहस और स्पष्टता के साथ नेतृत्व करने का आग्रह किया। उन्होंने आर्थिक प्रगति और सामाजिक समानता को बढ़ावा देकर सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की उनकी क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया।

इस अवसर पर सीबीआईसी के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में 75वें बैच के अधिकारियों को बधाई दी।

उन्होंने राजस्व जुटाने, व्यापार सुविधा और राष्ट्रीय विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और उनसे अपडेट रहने, ईमानदारी बनाए रखने और कुशलतापूर्वक सेवा करने के लिए डिजिटल परिवर्तन को अपनाने का आग्रह भी किया। अग्रवाल ने अधिकारियों से प्रवर्तन और सुविधा के बीच संतुलन बनाने का आग्रह किया और अधिकारियों को सहानुभूति, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ नेतृत्व करने को प्रोत्साहित किया।

सीबीआईसी की सदस्य अरुणा नारायण गुप्ता ने अपने संबोधन में अधिकारियों को नैतिक आचरण, सहानुभूति और निरंतर सीखने पर जोर दिया। इसके साथ ही आईआरएस अधिकारियों के लिए सेवाभाव को एक आधारभूत गुण बताया और उनसे सहानुभूति, विनम्रता और सेवा-उन्मुख होकर अपने कर्तव्यों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोक सेवकों को अपने आचरण में सुलभ, निष्पक्ष और नागरिक-केंद्रित रहना चाहिए और लोगों की सेवा करना ही उनका लक्ष्य होना चाहिए।

इसके साथ ही एनएसीआईएन के महानिदेशक डॉ. एम. सुब्रमण्यम ने अधिकारियों से मुखातिब होते हुए कहा कि वे नव विकसित एनएसीआईएन पालसमुद्रम् परिसर में अपना संपूर्ण आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पहले बैच के अधिकारी हैं, जिससे यह अवसर अकादमी के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बन गया है।

75वें बैच के असाधारण प्रदर्शनकर्ताओं को उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए स्वर्ण पदक से किया गया सम्मानित-

**वित्त मंत्री का स्वर्ण पदक**- श्रीकुमार रविन्द्रकुमार को शैक्षणिक, उपस्थिति और शारीरिक प्रशिक्षण में संतुलित उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रदान किया गया।

**अध्यक्ष का स्वर्ण पदक**- लिखित परीक्षाओं में सर्वोच्च कुल अंक प्राप्त करने के लिए अभिषेक माजी को प्रदान किया गया।

**श्रीमती कौशल्या नारायणन स्मारक स्वर्ण पदक**- सर्वश्रेष्ठ महिला अधिकारी ट्रेनी के रूप में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूजा बरवाल को प्रदान किया गया।

**महानिदेशक का स्वर्ण पदक**- पूरे प्रशिक्षण के दौरान लगातार प्रदर्शन और उत्कृष्ट आचरण के लिए शांतनु सुनील मालानी को प्रदान किया गया।

**श्री एनके उपाध्याय स्मारक स्वर्ण पदक**- अनुकरणीय अनुशासन, आचरण और टीम वर्क के लिए सत्या पार्वती आर को प्रदान किया गया।

मंत्रालय के मुताबिक पालसमुद्रम् स्थित राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नार्कोटिक्स अकादमी में आईआरएस के 42 ट्रेनी अधिकारियों के 75वें बैच की पासिंग आउट परेड में 25 पुरुष और 17 महिला अधिकारी शामिल हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भूटान की शाही सरकार के 5 अधिकारी भी शामिल थे।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशिया में भी तेजी का रुख



**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान जोरदार मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान आमतौर पर खरीदारी होती रही। एशियाई बाजार में भी चौतरफा उत्साह का माहौल बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार तीसरे दिन तेजी का माहौल बना रहा। डाउ जॉन्स पिछले सत्र के दौरान 500 अंक की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 108.91 अंक यानी 2.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,484.77 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 457.99 अंक यानी 2.74 प्रतिशत उछल कर 17,166.04 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 40,148.73 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान आमतौर पर खरीदारी का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स से 0.05 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 8,407.44 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.27 प्रतिशत उछल कर 7,502.78 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 102.54 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22,064.51 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी चौतरफा तेजी का माहौल बना हुआ है। एशिया के सभी 9 बाजारों के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.35 प्रतिशत उछल कर 24,475.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## हुंडई की बिक्री में एसयूवीएस की जबरदस्त मांग

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**


भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने मारुति के बाद दूसरी सबसे ज्यादा बिक्री करने वाली कंपनी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूती से कायम रखा है। चालू साल में हुंडई की बिक्री में एसयूवीएस की जबरदस्त मांग देखी गई और इसकी वजह से कंपनी के कुल घरेलू बिक्री में एसयूवी का योगदान 68.5प्रतिशत तक पहुंच गया, जो पिछले साल 63.2प्रतिशत था। यानी हर तीन में से दो हुंडई कारें एसयूवी सेगमेंट की रही हैं। इनमें एक्सटर, वेन्यू, क्रेटा, अल्काजार, टक्सन और आयनिक 5 जैसे लोकप्रिय मॉडल शामिल हैं।

खास बात यह रही कि क्रेटा एक बार फिर से कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार साबित हुई है। इसके अलावा, फाइनेंशियल ईयर 2025 में सनरूफ वाले मॉडलों की डिमांड में भी जबरदस्त इजाफा हुआ है। कंपनी के मुताबिक, इस साल बेची गई कुल कारों में से 53.2प्रतिशत कारें सनरूफ से लैस थीं, जो ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं और प्रीमियम फीचर्स की ओर रुझान को दर्शाता है। हुंडई ने अपने 14 में से 12 मॉडलों में सनरूफ की सुविधा दी है।

वहीं, सुरक्षा के मामले में भी ग्राहकों का झुकाव बढ़ा है। अडास यानी एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम वाली कारों की बिक्री दोगुनी होकर 14.3प्रतिशत पहुंच गई, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 6.7प्रतिशत था। कंपनी अब अपने 9 मॉडलों में अडास की पेशकश कर रही है।

## विनफास्ट तमिलनाडु के थूथुकुडी में जून तक अपना विनिर्माण प्लांट शुरू करेगी

**चेन्नई ■ एजेंसी**



वियतनामी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता विनफास्ट भारतीय बाजार में उतरने को तैयार है। कंपनी ने घोषणा की है कि वह तमिलनाडु के थूथुकुडी में जून के अंत तक अपना विनिर्माण प्लांट शुरू करेगी।

इसकी जानकारी कंपनी के सीईओ फाम सन्ह चाउ ने दी। विनफास्ट की मूल कंपनी विंगग्रुप के प्रमुख फाम न्हाट वुओंग ने बताया कि अब कंपनी वियतनाम के बाहर इंडोनेशिया, भारत और फिलीपींस जैसे बाजारों पर फोकस करेगी। तमिलनाडु सरकार के साथ हुए करार के तहत विनफास्ट राज्य में 2 अरब डॉलर तक का निवेश करेगी। प्रोजेक्ट के पहले चरण में 500 मिलियन डॉलर खर्च होने हैं, और प्लांट की सालाना उत्पादन क्षमता 1.5 लाख वाहनों की होगी। इस यूनिट से ईवी का उत्पादन 2026 में शुरू होने की संभावना है। इसके अलावा कंपनी देशभर में चार्जिंग स्टेशनों का नेटवर्क तैयार करेगी। वी-ग्रीन नाम की समूह कंपनी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सह-निवेशकों की तलाश में है।

थूथुकुडी को चुनने की वजह बताकर चाउ ने कहा कि यह पोर्ट और एयरपोर्ट के करीब है, जिससे निर्यात में सुविधा मिलेगी। कंपनी भारत को घरेलू बाजार के साथ-साथ पश्चिम एशिया और अफ्रीका के लिए भी एक अहम केंद्र के रूप में देख रही है। इस प्रोजेक्ट से स्थानीय स्तर पर 3,000 से ज्यादा रोजगार के मौके बनने की उम्मीद है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में विनफास्ट ने वीएफ 6 और वीएफ 7 नाम की दो प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी की झलक दिखाई थी, जिन्हें इस साल के अंत तक लांच किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्वालियर में हेड कॉन्स्टेबल ने ई-रिक्शा चालक को पीटा

**ग्वालियर।** ग्वालियर के उपनगर मुरार सिंहपुर रोड पर शुक्रवार देर शाम उस समय तमाशा खड़ा हो गया, जब एक हवलदार (प्रधान आरक्षक) ने बीच सड़क पर एक ई-रिक्शा वाले की धुनाई कर दी। करीब 15 मिनट तक सड़क पर वर्दी का रौब दिखाता हुआ पुलिसकर्मी मारपीट करता रहा। वहां लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों का कहना है कि बाइक से ई-रिक्शा टकराने के बाद विवाद हुआ था। जबकि पुलिसकर्मी और ई-रिक्शा वाले दोनों उसी इलाके में रहते हैं। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने मारपीट का वीडियो शूट कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। हंगामे का वीडियो सामने आते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में टीआई मुरार एमएम मालवीय का कहना है कि वीडियो की जांच कर रहे हैं। मारपीट करता दिख रहा प्रधान आरक्षक मुरैना में पदस्थ बताया गया है।

### 20 घंटे बाद मिला नहर में डुबे युवक का शव

**हरदा।** महाराष्ट्र के सोलापुर निवासी 48 वर्षीय कारोबारी इस्माइल इब्राहिम मुल्ला का शव शनिवार सुबह लगभग 8 बजे नहर में मिला। वह शुक्रवार दोपहर नहाते समय लापता हुए थे। उनका शव घटनास्थल से करीब 20 किलोमीटर दूर जुगरिया माइनर में एक खेत के पास लगे पानी के पंप के निकट मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार इस्माइल अपने तीन दोस्तों के साथ स्विफ्ट कार से भोपाल में जमीन का सौदा करने गए थे। वापसी में हरदा में एक रिश्तेदार से मिलना था। इस दौरान ग्राम छिदगांव मेल और टिमरनी के बीच बड़ी नहर के पास वे फ्रेश होने रुके। गर्मी के कारण इस्माइल नहाने चले गए। उनके साथी बहाव खान ने बताया कि जब वे वापस आए तो इस्माइल के कपड़े और चप्पल तो मिले, लेकिन वह नहीं मिले। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। एसडीईआरएफ और होमगार्ड के 12 जवानों ने दोपहर 1:30 बजे से तलाश शुरू की।

### अश्लील वीडियो पोस्ट कर धमकाने के बाद छात्रा ने खाया जहर, गंभीर

**इन्दौर।** परिचित द्वारा अश्लील विडियो वायरल कर धमकी देने के बाद एक छात्रा ने जहर खा लिया परिजन उसे तुरंत एम वाय अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे बचाने के प्रयास शुरू कर दिए हालांकि छात्रा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। अस्पताल प्रशासन द्वारा पुलिस को दी गई सूचना के बाद पहुंची महिला पुलिस टीम ने छात्रा के बयान लेने के प्रयास किए जिसमें उसने जहर खाने का कारण परिचित द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने और धमकीं देना बताया। मामले में बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश के भिंड जिले में रहने वाला छात्रा का परिचित आरोपी रामू 2 साल पहले एक शादी समारोह में उसने घर आया था। छात्रा ने महिला पुलिस टीम को अपने बयान में बताया कि वह दसवीं क्लास में पढ़ रही हैं, दो साल पहले उनके यहां शादी में रिश्तेदार रामू भी आया था। छात्रा ने बताया कि कुछ दिनों बाद मेरे भाई का रामू से विवाद हो गया। जिसके बाद उनकी आपस में बातचीत बंद है। छात्रा ने बताया कि वह इंस्टाग्राम पर रामू भी उससे जुड़ा हुआ है और कभी कभी दोनों के बीच चेटिंग भी हो जाती है वहीं दोनों एक-दूसरे के पोस्ट भी देखा करते थे।

### जिला सलाहकार समिति स्कूलों का निरीक्षण करें - कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में स्कूलों के सामने यातायात प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, अपर कलेक्टर सुमिशा सिंह, एडीशनल एसपी ट्राफिक श्रीमती सोनाली दुबे सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कहा गया कि अधिकांश स्कूलों में स्कूल लगने व छूटने के समय सड़कों पर जाम की स्थिति से सुगम यातायात बाधित होता है। अत: सभी स्कूल प्रबंधक स्कूल वाहनों की पार्किंग अपने कैंपस में ही करायें, जहां से विद्यार्थियों को वाहन में बैठायें व नियत जगह पर ही उतारें। सड़क में विद्यार्थियों को वाहन में बैठाने व उतारने की प्रक्रिया न करें। स्कूल प्रबंधक यातायात नियमों का पालन करें। अधिकांश वाहन विद्यार्थियों को संबंधित स्कूलों में लाते हैं और सड़क पर ही उन्हें उतारने व बैठाने का कार्य करते हैं, यह बिल्कुल न करें। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि इसके लिए जिला सलाहकार समिति का गठन करें और स्कूलों का निरीक्षण करें। स्कूल प्रबंधक को इस विषय पर समझायें यदि वे हठधर्मिता करते हैं, तो उन पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

---

**50 हजार से अधिक नर्सिंग छात्रों को राहत**

# हाईकोर्ट का फैसला, 28-29 अप्रैल से हर हाल में हो परीक्षाएं, कमेटी को किया भंग

**जबलपुर ■ निसं**

मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों में हुए बड़े फर्जीवाड़े और परीक्षाओं में बार-बार हो रही देरी पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया है कि 2022-23 सत्र की लंबित परीक्षा अब हर हाल में 28 और 29 अप्रैल को आयोजित की जाए। यह परीक्षा पहले चार बार टाली जा चुकी है- दो बार मेडिकल यूनिवर्सिटी और दो बार एमपी नर्सिंग काउंसिल की ओर से। कोर्ट के इस निर्देश से 200 डिग्री और 400 से अधिक डिप्लोमा कॉलेजों के 50 हजार से अधिक छात्रों को बड़ी राहत मिली है।


हाईकोर्ट ने यह भी साफ कर दिया है कि नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता से जुड़े मामलों में गठित उच्च स्तरीय कमेटी की भूमिका अब समाप्त हो चुकी है और अब किसी भी कॉलेज का मामला कमेटी को नहीं सौंपा जाएगा।

**परीक्षा की तारीख में नहीं होगा कोई बदलाव:** नर्सिंग कॉलेजों में फर्जी मान्यता और छात्रों की लंबित परीक्षाओं को लेकर दायर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच- जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस अचल कुमार पालीवाल ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने एमपी नर्सिंग काउंसिल और मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को निर्देशित किया कि तय परीक्षा तिथियों में अब किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है कि 2020-21 और 2021-22 सत्र की परीक्षा भी तय समय पर नहीं हो पाई थी और 2024 में आयोजित की गई थी। अब 2022-23 सत्र की परीक्षा 2025 में कराई जा रही है।

अब आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए सभी कॉलेजों को सीधे एमपी नर्सिंग काउंसिल के समक्ष आवेदन करना होगा, और मान्यता से संबंधित अंतिम निर्णय वही लेगी।

**50 हजार से ज्यादा छात्रों को राहत:** हाईकोर्ट के इस फैसले से एमपी नर्सिंग काउंसिल और मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी से जुड़े डिप्लोमा और डिग्री कोर्सों में पढ़ाई कर रहे करीब 50 हजार से ज्यादा छात्रों को राहत मिलेगी। अब उनकी परीक्षा तय समय पर होगी।



#### अब सीधे काउंसिल करेगी मान्यता प्रक्रिया

हाईकोर्ट ने नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता प्रक्रिया से संबंधित हाईलेवल कमेटी को भी भंग कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अब कोई भी मामला सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली इस कमेटी को नहीं भेजा जाएगा। यह कमेटी छ्वद्ध जांच में डेफिशियेंट पाए गए कॉलेजों की जांच कर उन्हें उपयुक्त या अनुपयुक्त घोषित कर रही थी।

#### 700 में से केवल 200 कॉलेज ही सही पाए गए

जनहित याचिका में लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल ने आरोप लगाया था कि राज्य में सैकड़ों नर्सिंग कॉलेज ऐसे चल रहे हैं, जिन्हें जरूरी संसाधन, स्टाफ, लैब और अस्पताल की व्यवस्था के बिना ही मान्यता दे दी गई। हाईकोर्ट की निगरानी में हुई सीबीआई जांच में खुलासा हुआ कि राज्य के 700 कॉलेजों में से केवल 200 ही तय मापदंडों पर खरे उतरे, जबकि बाकी कॉलेजों को फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर मंजूरी दी गई थी।

#### जिम्मेदारों पर कार्रवाई का फैसला अभी लंबित

हाईकोर्ट की ओर से फर्जीवाड़े में संलिप्त अधिकारियों और संस्थानों पर कार्रवाई को लेकर अभी अंतिम फैसला आना बाकी है। वहीं, छात्र लगातार परीक्षा टलने से मानसिक और शैक्षणिक रूप से प्रभावित हो रहे थे। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से अपर महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी, याचिकाकर्ता विशाल बघेल और उनके अधिवक्ता आलोक वाग्रेचा मौजूद रहे।

---

**बाइक की ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ने के दौरान हुआ हादसा**

## भीषण सड़क हादसे में तीन किशोरों की मौत

**उज्जैन ■ निसं**

जांच में सामने आया कि चारों घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भेजा गया था, जिसमें दो को उज्जैन, एक को नागदा और एक को बड़नगर अस्पताल भेजा गया था। उपचार के दौरान उज्जैन और नागदा भेजे गए तीनों किशोरों की मौत हो गई, जबकि बड़नगर अस्पताल में भर्ती एक किशोर की हालत अब भी गंभीर है। उज्जैन के बड़नगर-भाटपचलाना मार्ग पर दर्दनाक हादसा हो गया। खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से बाइक सवार नाबालिग टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि सड़क पर खून फैल गया। हादसे के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान तीन किशोरों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि ग्राम राठौरखेड़ी के पास चार युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। रास्ते में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित करते हुए घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल रवाना किया गया।

जांच में सामने आया कि चारों घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भेजा गया था, जिसमें दो को उज्जैन, एक को नागदा और एक को बड़नगर अस्पताल भेजा गया था। उपचार के दौरान उज्जैन और नागदा भेजे गए तीनों किशोरों की मौत हो गई, जबकि बड़नगर अस्पताल में भर्ती एक किशोर की हालत अब भी गंभीर है। मृतकों में रोहित पिता भीमा चंद्रवंशी (13 वर्ष), दक्ष पिता प्रकाश डोडिया (9 वर्ष), निवासी चिरोलाकलां और कैलाश शामिल हैं।

#### वाहन किसके थे

पुलिस जांच में पता चला कि हादसे में प्रयुक्त बाइक प्रकाश डोडिया निवासी चिरोलाकलां की थी, जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली राठौरखेड़ी निवासी चौधरी परिवार की है। बताया गया कि ट्रॉली का टायर पंचर होने के कारण उसे सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि चारों युवक ग्राम सिरोला में टेंट हाउस का काम कर अपने गांव सुरैल लौट रहे थे। संभवत: बाइक तेज रफ्तार में थी और अंधेरा होने के कारण ट्रॉली नजर नहीं आई, जिससे यह भीषण हादसा हुआ।

---

## ग्वालियर में दो पक्षों में विवाद के बाद युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**ग्वालियर ■ निसं**

थाटीपुर थाना प्रभारी केके पाराशर ने बताया कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी, जिसकी पुष्टि सीसीटीवी फुटेज से होती है। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्वालियर के थाटीपुर थाना क्षेत्र के नितिन नगर में रविवार देर रात दो पड़ोसी परिवारों के बीच पुरानी रंजिश और कचरा फेंकने को लेकर विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चार घंटे बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने पर हंगामा किया। मृतक की पहचान अनिल माहौर के रूप में हुई है, जो ई-रिक्शा चालक था और अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके परिवार में पत्नी प्रवेशी, दो बेटियां सीमा और नेहा, बेटा नवीन और पीयूष हैं।



**ऐसे शुरू हुआ विवाद:** अनिल माहौर का विवाद पड़ोसी नरेंद्र यादव और उसके भाई योगेन्द्र उर्फ गोलू यादव से पहले से चल रहा था। रविवार को अनिल गली में टहल रहा था, तभी नरेंद्र यादव ने कचरे की बाल्टी फेंकी जो अनिल के पास जाकर गिरी। इस पर दोनों में कहासुनी हो गई। अनिल ने गुस्से में आकर डंडे से नरेंद्र पर दो-तीन वार कर दिए। इसके बाद नरेंद्र का भाई योगेन्द्र और घर की महिलाएं बाहर आ गईं। उन्होंने अनिल को पकड़कर जमीन पर पटक दिया और बुरी तरह पीटा। किसी ने उसकी छाती पर पैर रख दिया, तो किसी ने गला दबाया।

**सीसीटीवी फुटेज आया सामने:** घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें मारपीट की तस्वीरें साफ दिखाई दे रही हैं। मारपीट के बाद अनिल को घबराहट और सांस लेने में परेशानी होने लगी। परिजन उसे पहले घर ले गए और बाद में अस्पतालों की तलाश शुरू की। करीब 11 बजे उसे जिला अस्पताल मुरार ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इससे पहले दो-तीन निजी अस्पतालों ने भर्ती करने से इनकार कर दिया था।

**पुलिस जांच में जुटी:** मामले के संबंध में थाटीपुर थाना प्रभारी केके पाराशर ने बताया कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी, जिसकी पुष्टि ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज से होती है। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

## गैस सिलेंडर में लगी आग, पांच लोग झुलसे, तीन की हालत गंभीर

**देवास ■ निसं**

देवास के अमृत नगर क्षेत्र में शनिवार को एक घर में गैस सिलेंडर की नली निकल जाने से अचानक आग लग गई। आग लगते ही घर में मौजूद पांच लोग इसकी चपेट में आ गए। इनमें से तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से दो घायलों को हालत गंभीर होने पर अन्यत्र रेफर कर दिया गया है। दो अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं।



घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद नगर निगम की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों ने घर के अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

सूचना मिलने पर सीएसपी दीशेष अग्रवाल और कोतवाली थाना प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायज़ा लिया। अधिकारियों ने घायलों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह दुर्घटना और भी भयावह हो सकती थी।

---

## पुरानी रंजिश पर बेसबाल के डंडे से पीटा, हवाई फायर कर भागे

**ज़बलपुर ■ निसं**

बरेला थाना अतंर्गत बरेला थाना के पीछे पुरानी रंजिश पर कल शाम कुछ आरोपियों ने एक युवक के साथ मारपीट की और हवाई फायर किए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। बेसबाल के डंडे से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 8 थाना के पीछे बरेला निवासी 20 वर्षीय सरफराज खान गत शाम लगभग 6.45 बजे अपनी दुकान में था, तभी सुजल जैन अपने साथियों के साथ मुंह बांधकर कार से उतरा और उसे डराने के लिए पिस्टल से दो हवाई फायर किया और पुरानी रंजिश पर सुजल जैन ने मारपीट कर बेसबाल के डंडे से हमला कर फिर से पिस्टल से फायर किया तो गोली शटर में लगी। अरसद खान, छोटा श्रीपाल तथा सक्षम बैरागी ने बीच बचाव किया तो सुजल जैन फायर कर ग्रे कलर की बलेनो कार में अपने साथियों के साथ भाग गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 308(6),3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

---

**दो नाबालिग लड़कियां दस्तयाब, प्रेमियों पर रेप का केस**

## नर्मदानगर पुलिस ने जलगांव और मूंदी पुलिस ने बंजारी गांव में दी दबिश

**खंडवा ■ निसं**

खंडवा में दो अलग-अलग नाबालिग लड़कियों के अपहरण के मामलों में पुलिस को सफलता मिली है। थाना मूंदी और नर्मदानगर पुलिस ने दोनों नाबालिगों को दस्तयाब कर लिया है और आरोपी प्रेमियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है।



**पहला मामला:** पुनासा चौकी प्रभारी राजेंद्र सय्यदे के अनुसार, 13 सितंबर 2023 को एक व्यक्ति ने अपनी बेटी के 10 सितंबर से लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने महाराष्ट्र के जलगांव में दबिश देकर नाबालिग को आरोपी राहुल पिता भाईलाल बारेला (24) के कब्जे से बरामद किया। नाबालिग की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर उसे 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

**दूसरा मामला:** मूंदी पुलिस ने रेप, पॉक्सो और अपहरण के एक अन्य मामले में आरोपी रवि पिता विश्राम राठौर (22) को गिरफ्तार किया है। टीआई राजेंद्र नरवरिया के अनुसार, आरोपी ने थाना क्षेत्र की एक नाबालिग को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता की दस्तयाबी के बाद उसके बयान के आधार पर कार्रवाई की गई है।

---

### कल से फिर बदलेगा मौसम, आंधी पानी की संभावना

**जबलपुर।** उत्तरी-पश्चिमी हवाओं से तापमान ऊपर चला गया है। अब गर्मी अपना असर दिखा रही है एक बार फिर पारा 41 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। रात का तापमान औसत के नीचे होने के बाद भी गर्मी अपना असर दिखा रही है। वहीं रात में उमस के कारण गर्मी के प्रभाव में कोई कमी नहीं आई। तेज धूप ने लोगों का पसीना निकाला और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने शरीर झुलसाया। हवा में नमीं घटने से मौसम एकदम शुष्क है। कभी पश्चिमी कभी उत्तरी हवायें चलने से तापमान में घट-बढ़ हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि 27 अप्रैल रविवार को एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है।

---

**शादी में गईं थीं पीड़िता...लौटते समय घटी घटना**

## चार आदिवासी लड़कियों से गैंगरेप, सात आरोपी गिरफ्तार

**बालाघाट ■ निसं**

पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी युवकों ने विवाह समारोह में लड़कियों को देखा था और वहां से उनका पीछा करना शुरू किया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने 24 अप्रैल की शाम को हट्टा थाने में शिकायत दर्ज कराई।

बालाघाट जिले के हट्टा थाना क्षेत्र में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई है। एक विवाह समारोह से लौट रहीं तीन नाबालिग लड़कियों और एक युवती के साथ सात युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। सभी पीड़िताएं आदिवासी समुदाय की हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन घंटे के भीतर सभी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है।




**विवाह समारोह से लौटते समय हमला:** घटना 23 अप्रैल की रात करीब दो बजे की है। चारों लड़कियां एक लड़के के साथ विवाह समारोह से अपने घर लौट रही थीं। तभी रास्ते में दो बाइकों पर सवार सात युवक पहुंचे और लड़कियों के साथ जा रहे लड़के को डरा-धमकाकर भगा दिया। इसके बाद आरोपियों ने लड़कियों को सुनसान इलाके में ले जाकर उनके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी युवकों ने विवाह समारोह में लड़कियों को देखा था और वहां से उनका पीछा करना शुरू किया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने 24 अप्रैल की शाम को हट्टा थाने में शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई:** शिकायत मिलते ही पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह खुद हट्टा थाना पहुंचे और विशेष टीम गठित कर आरोपियों की धरपकड़ शुरू की। तीन घंटे के भीतर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों लोकेश मात्रे (22 वर्ष), लालचंद खरे (28 वर्ष), अज्जु बगडते (21 वर्ष), अजेन्द्र बाहे, राजेन्द्र कावरे (20 वर्ष) मानिराम बाहे और एक नाबालिग है।

**नक्सल क्षेत्र में घटी घटना, सख्त कार्रवाई की चेतावनी:** यह घटना नक्सल प्रभावित क्षेत्र में घटी है, जहां पहले ग्रामीणों ने आपसी समझौते की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने साफ कर दिया कि इस तरह के गंभीर अपराध में कोई समझौता नहीं हो सकता। एसपी नगेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस तीन से चार महीनों के भीतर न्यायालय से आरोपियों को कठोर सजा दिलवाने का प्रयास करेगी।

---

## यह दवा अमूल्य है

**खूनी बवासीर के मरीजों के लिये आवश्यक सूचना**

1. क्या आप खूनी बवासीर से पीड़ित है।
2. डाक्टरों, हकीमों और वैद्यों का ईलाज करा-करा कर थक गये हैं।
3. निरंतर खून आने से शरीर अत्यंत दुर्बल और कमजोर हो जाता है।

तो आइये मात्र 6 पुड़िया आपके जीवन को चिंताओं से मुक्त कर सकती है और आप फिर से पूर्ण मस्ती के साथ जीवन व्यतीत करने के लिये सक्षम हो सकते हैं।
तो आज ही हमारे निम्न पते पर आये और नि:शुल्क दवा प्राप्त करें।

**दैनिकअमृत दर्शन**

6, पत्रकार नगर कोलार रोड, भोपाल-462003, मो. 9827054436









## पहलगाम में हुए आतंकी हमले का कारोबारियों ने किया विरोध

# आज आधे दिन बंद रहा भोपाल

भोपाल ■ अमृत दर्शन

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) के आव्हान पर शनिवार को भोपाल आधे दिन के लिए बंद रहा। जिसका शहर के व्यापारिक संगठनों ने पूर्ण रूप से समर्थन किया।

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का देश भर में लगातार विरोध किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) ने विरोध में शनिवार को भोपाल आधे दिन बंद का आह्वान किया। बंद से इमरजेंसी मेडिकल सेवा को बाहर रखा गया है। 3 हजार मेडिकल स्टोर्स और थोक दवा दुकानें खुली रही। चेंबर के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली ने बताया, सभी व्यापारिक संगठनों से सहमति के बाद राजधानी के बाजार शनिवार को आधे दिन बंद रखा। आतंकी हमले के विरोध प्रदर्शन स्वरूप यह बंद बुलाया था।

### शहर के व्यापारिक संगठनों का समर्थन



### मृतकों को श्रद्धांजलि दी व्यापारी

न्यू मार्केट व्यापारी संरक्षण समिति ने बंद के आह्वान का समर्थन किया। अध्यक्ष सतीश कुमार गंगराड़े समेत पवन वरदानी, प्रदीप कुमार गुप्ता और अजय देवनानी ने बताया कि सभी व्यापारियों की सहमति के बाद बंद रखने का निर्णय लिया था। पुराने भोपाल के कारोबारियों ने भी बंद का समर्थन करते हुए दुकानें आधे दिन तक बंद रखी। दोपहर में व्यापारी मृतकों को श्रद्धांजलि भी दी।

### इमरजेंसी सेवा जारी रही

अजय देवनानी ने बताया कि बंद के दौरान इमरजेंसी सेवा यानी, थोक दवा बाजार और मेडिकल स्टोर्स खुली रही। भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि जरूरी सेवा होने की वजह से दुकानें खुली रखी, लेकिन बंद का पूरा समर्थन है। श्रद्धांजलि सभा में केमिस्ट शामिल हुए।







वसंत विजयानंद गिरि ने आज महाकाल भगवान के दर्शन किए।

### पीजी के स्टूडेंट्स के लिए संविधान की पढ़ाई अनिवार्य, उच्च शिक्षा विभाग ने जारी की अधिसूचना

**भोपाल।** विपक्ष के संविधान बचाओ अभियान के बीच सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. उच्च शिक्षा विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर स्नातकोत्तर (पीजी) के सभी पाठ्यक्रमों में संविधान, मानवीय मूल्य और नैतिक शिक्षा की पढ़ाई अनिवार्य कर दी है। नई अधिसूचना के बाद विज्ञान, गणित और वाणिज्य संकाय वालों को भी संविधान का पाठ पढ़ना होगा।

## सेना के शौर्य को समर्पित लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने किया

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को राजधानी भोपाल के द्रोणाचल परिसर स्थित योद्धा स्थल पर लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ किया। इस शो के माध्यम से भारतीय सेना के शौर्य, भोपाल के इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और विकास की गाथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह शो हर शुक्रवार, शनिवार और रविवार को आम जनता के लिए आयोजित किया जाएगा।



इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह शो युवाओं को सेना की वीरगाथा से प्रेरित करेगा और उन्हें राष्ट्र सेवा के प्रति प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त है, जो असंभव को संभव करने की शक्ति रखती है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री ने दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि धर्म के नाम पर अधर्म करने वालों को करारा जवाब दिया जाएगा। डॉ. यादव ने लाइट एंड साउंड शो की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इसमें पाषाण युग से लेकर वर्तमान तक की यात्रा को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया गया है। शो न सिर्फ इतिहास को सजीव करता है, बल्कि भोपाल के स्वर्णिम अतीत और प्रगति को भी दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने सेना द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सेना के निरामया वेलनेस सेंटर जैसे प्रयासों में हर संभव सहयोग करेगी, जहां शिरोधारा, पंचकर्म, हाइड्रो थैरेपी जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल प्रीतपाल सिंह ने मुख्यमंत्री को सैनिक कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा और अधोसंरचना विकास के लिए धन्यवाद दिया।

### निजी स्कूलों में 5 मई से होंगे आरटीई से एडमिशन

## 7 मई से 21 मई तक होंगे आवेदन

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्य प्रदेश में नए शिक्षा सत्र के लिए निजी स्कूलों में गरीब बच्चों को एडमिशन दिलाने राज्य शिक्षा केंद्र ने टाइम टेबल जारी कर दिया है। 5 मई 2025 को नि:शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जाएगा। राज्य शिक्षा केंद्र ने जिला कलेक्टर्स और जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश देकर कहा है कि प्रदेश में निन्शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जाएगी। इसके लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निन्शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का टाइम टेबल घोषित कर दिया है। शिक्षण सत्र 2025-26 में 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही शुरू की जा रही है।




### कक्षा में प्रवेश की आयुसीमा

- नर्सरी में न्यूनतम आयु 3 वर्ष एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह होगी।
- केजी-1 में न्यूनतम आयु 4 वर्ष एवं अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह रहेगी।
- केजी-2 में न्यूनतम आयु 5 वर्ष एवं अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माह होगी।
- कक्षा-1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह तय की गई है।

### ऐसे चलेगा एडमिशन का कार्यक्रम

- कैलेंडर के अनुसार 5 मई, 2025 को नि:शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा।
- पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि-सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जाएगा।
- आवेदन के बाद सत्यापन का कार्य शासकीय जन-शिक्षा केंद्र में 7 मई से 23 मई तक होगा।
- रेंडम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 29 मई तक की जाएगी।

### मध्य प्रदेश में आज कुछ क्षेत्रों में गर्मी से मिल सकती है राहत

## देर रात आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश हुई

भोपाल ■ अमृत दर्शन

राजधानी भोपाल सहित कुछ जिला में शुक्रवार शनिवार देर रात आंधी तुफान के साथ हल्की बारिश हुई। देर रात नये तथा पुराने शहर के कई इलाकों में बिजली खुल होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी के बाद लोगों को एक बार कुछ राहत मिलने के आसार दिख रहे हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के करीब 19 जिलों में आज से बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग क्या कहना है ट्रफ की वजह से प्रदेश में गरज-चमक और हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही शनिवार को 3 जिलों में लू भी चल सकती है। इनमें रतलाम, खंडवा और बुरहानपुर शामिल हैं। मौसम विभाग ने जिन जिलों में बारिश का अलर्ट है, उनमें ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, श्योपुर, अशोकनगर, विदिशा, सागर, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, अनूपपुर शामिल हैं। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने अगले चार दिन तक प्रदेश में हल्की बारिश और गरज-चमक का अनुमान जताया है। कुछ जगहों पर लू भी चल सकती है। वहीं, गर्मी का असर भी देखने को मिलेगा। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के लगातार जोर पकड़ने के साथ पूरे प्रदेश में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक, यानि 27 से 30 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। दिन के साथ रातें भी गर्म हो जाएंगी। ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग में पारा 43-45 डिग्री, जबकि इंदौर, उज्जैन-भोपाल सहित बाकी प्रदेश में 41 से 44 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। बंगाल क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से अप्रैल के आखिरी में 3 से 4 दिन तक लू का असर रह सकता है।

### 19 जिलों में बारिश का अलर्ट



अमृत दर्शन
आवश्यकता है
एक पढ़े लिखे अनुभवी ड्रायवर की। पार्ट टाईम, अच्छा वेतन
तुरंत संपर्क करें
मो.: 9827054436

अमृत दर्शन
तत्काल आवश्यकता है
एक पढ़े लिखे युवक/युवती की जिसे डीटीपी का पूर्ण ज्ञान हो। अच्छा वेतन
तुरंत संपर्क करें
मो.: 9827054436

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित। फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा।प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल ।मोबाईल नं. 9827054436 ।